रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार... । जनपथ पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज

# रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-233 रांची | सोमवार 15 अप्रैल 2024, संवत् 2080 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.

## एसएसपी ने सपरिवार किया चैती छठ की संध्या अर्घ्य पूजा व हवन



**राँची।** एस एस पी चंदन कुमार सिन्हा और उनकी पत्नी सहायक निदेशक झारखंड सरकार कंचन सिंह ने रांची के नक्षत्र वन मछली पार्क स्थित तालाब में सपरिवार चैती छठ की संध्या अर्घ्य पूजा और हवन किया। राँची एस एस पी की धर्मपत्नी प्रत्येक साल दो बार लोक आस्था का पर्व छठ पूजा करती हैं। सहायक निदेशक कंचन सिंह ने बताया कि भगवान सूर्य को समर्पित यह पूजा काफी स्वच्छता और आस्था से किया जाता है। सभी सगे संबंधी इस महान पर्व पर जुटते हैं और सभी परिजन मिलकर इस पर्व को कर पाते हैं। इस अवसर पर एसएसपी की मां, भाई, भाभी सहित सभी परिजन तालाब पर मौजूद थे। पूजा के अर्घ्य के उपरांत छठ घाट पर थोड़ी देर बैठा जाता है। सभी परिवारजन की इस परंपरा का पालन करती एक सुखद तस्वीर।

## इजरायल के लिए उड़ानें रद्द कर सकता है भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारतीय एयरलाइन कंपनियां तेल अवीव के लिए उड़ानें रद्द कर सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक, इजरायल के तेल अवीव से आने-जाने वाली फ्लाइट्स को सस्पेंड करने की संभावना है। बताया जा रहा है कि इसे लेकर आधिकारिक घोषणा जल्द ही की जा सकती है। मालूम हो कि एयर इंडिया की एक फ्लाइट शनिवार को तेल अवीव अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरी। अब वह आज तेल अवीव से भारत के लिए उड़ान भरने वाली है। 2 प्रमुख एयरलाइंस (एल अल और एयर इंडिया) इजरायल और भारत के बीच कॉमर्शियल फ्लाइट्स ऑपरेट करती हैं। इससे पहले, भारत की 2 प्रमुख एयरलाइनों (एयर इंडिया और विस्तारा) ने ईरानी हवाई क्षेत्र के ऊपर से उड़ान न भरने की घोषणा की थी। यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा को देखते हुए अब ये यूरोप और अमेरिकी रूट से होकर लंबी उड़ानें भर रही हैं। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के कारण भारतीय एयरलाइंस यूरोप और मिडिल ईस्ट के लिए उड़ान पथ बदल रही हैं। विस्तारा एयरलाइंस ने इसे लेकर जारी बयान में कहा, मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों को प्रभावित करने वाली मौजूदा स्थिति के चलते हमने कुछ उड़ानों के रूट में बदलाव किया है। आवागमन के लिए आकस्मिक मार्ग का इस्तेमाल किया जा रहा है जो कि ऐसी घटनाओं के दौरान उड़ाने सुनिश्चित करने के लिए तैयार किए गए हैं। ईरान ने 1 अप्रैल को दमिश्क में अपने वाणिज्य दूतावास पर संदिग्ध इजराइली हवाई हमले के जवाब में इजरायल पर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें दागी हैं।



## कल्पना सोरेन ने भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित की



**रांची।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को कल्पना सोरेन ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान अन्य लोगों ने अंबेडकर की तस्वीर पर भी श्रद्धांजलि दी।

# भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

### 14 किलो अफीम, 39 किलो डोडा पाउडर, आठ किलो दो सौ ग्राम गांजा, 28 किलो कत्था बरामद

**हजारीबाग।** जिले के चौपारण थाना पुलिस ने एक करोड़ रूपया का मादक पदार्थ बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने बिहार से एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने छापामारी कर 14 किलो अफीम और 39 किलो डोडा पाउडर, आठ किलो 200 ग्राम गांजा और 28 किलो कत्था बरामद किया है। यह जानकारी एसपी अरविंद कुमार सिंह ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि चौपारण थाना क्षेत्र से दो व्यक्ति मोटर साईकिल से अफीम एवं डोडा तस्करी कर बिहार ले जाने वाले हैं। जिसके आधार पर त्वरित कार्वाई के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही सुरजीत कुमार एवं थाना प्रभारी, चौपारण दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी में उक्त दोनों पदाधिकारियों के अलावे चौपारण थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक सुबीन्द्र राम, दिव्य प्रकाश, निलेश कुमार रंजन एवं सशस्त्र बल को शामिल किया गया। प्राप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए टीम लीडर को चोरदाहा चेकपोस्ट में चेकिंग अभियान चलाकर अफीम एवं डोडा ले जा रहे तस्करों को पकड़ने का निर्देश दिया। छापामारी दल के सदस्य चोरदाहा चेकपोस्ट में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान मोटरसाईकिल से अफीम एवं डोडा ले जा रहे दो लोगों को रुकने का इशारा किया।मोटरसाइकिल सवार जंगल की ओर भागने लगे। पुलिस ने खड़ेरकर एक व्यक्ति रामवृक्ष यादव उम्र करीब 40 वर्ष को पकड़ दिया। पूछताछ में उसने अपना नाम पता ग्राम-बैजनाथपुर थाना-सिद्धगढ़ मोहनपुर जिला-गया बिहार बताया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। मोटरसाईकिल पर सवार एक अन्य व्यक्ति कृष्णा यादव साकिन बैजनाथपुर थाना सिद्धगढ़ मोहनपुर जिला-गया बिहार मोटरसाईकिल से कूदकर भाग गया। पकड़ाये व्यक्ति के पास से एक प्लास्टिक के बोरी में पिसा हुआ करीब 39 किग्रा डोडा एवं उसके बरामद मोटर साईकिल के डिक्की से करीब 2.9 किलोग्राम अफीम बरामद हुआ। पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ के कम में पता चला कि वह उक्त बरामद अवैध मादक पदार्थ को चौपारण थानान्तर्गत ग्रामनावाडीह स्थित मोहन गंझू के घर से लेकर चला है तत्पश्चात गठित टीम सदस्यों के द्वारा पकड़ाये व्यक्ति के निशानदेही पर मोहन गंझू के घर पर छापामारी की। छापामारी के कम में मोहन गंझू अपने घर से भाग निकला। परन्तु उसके घर के तलाशी के कम में प्लास्टिक बाल्टी में रखा आठ किलोग्राम एवं स्टील केन में रखा तीन किलो 100 ग्राम कुल 11 किलो 100 ग्राम अफीम, 04 प्लास्टिक बोरा में बांधकर रखा करीब 26 किलो डोडा, एक थैला एवं दो प्लास्टिक के बोरा में रखा आठ किलो 250 ग्राम गांजा एवं दो प्लास्टिक के बोरा में कुल 28 किलोग्राम कत्था बरामद हुआ।इस संदर्भ में चौपारण थाना में एनडीपीएस एक्ट और भारतीय वन अधिनियम के तहत काण्ड संख्या113/24 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। अन्य आरोपी कृष्ण यादव और मोहन गंझू को पकड़ने छापेमारी की जा रही है। एसपी ने कहा कि सिर्फ चौपारण थाना क्षेत्र में एक महीने के अंदर 52 तस्करों की गिरफ्तारी की गई है। भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया गया है। एसपी ने कहा कि आगे भी इसी तरह से अवैध मादक पदार्थ के तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई जारी रहेगी। छापामारी दल में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही सुरजीत कुमार,दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी, चौपारण,दारोगा सुबीन्द्र कुमार, दिव्य प्रकाश, निलेश कुमार रंजन और चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।





## झारखंड के चार लोकसभा सीटों के लिए 18 से शुरू होगा नामांकन

**रांची ।** राज्य में इस बार लोकसभा की 14 सीटों के लिए चुनाव चार चरणों में होंगे। पहले चरण में चार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू होगी और 13 मई को वोट डालें जाएंगे। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में एनडीए, इंडी गठबंधन और अन्य दल अब तक 34 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके हैं। घोषित प्रत्याशी गर्मी की तपिश में पसीना बहा रहे हैं। लगातार प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। झारखंड में पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए चुनाव होंगे। इसके लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी और उसी तारीख से नामांकन शुरू हो जायेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच की तिथि 26 अप्रैल, नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल और मतदान की तारीख 13 मई है। पहले चरण के लिए एनडीए, इंडी गठबंधन, झापा और सीपीआई ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। एनडीए ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जबकि, इंडी गठबंधन ने अब तक केवल नौ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है।पांच सीटों पर अब भी प्रत्याशियों की घोषणा बाकी है। सीपीआइ और जेबीकेएस ने भी कुछ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। अब तक न तो एनडीए ने और न ही इंडी गठबंधन ने झारखंड के लिए स्टार प्रचारकों की घोषणा की है। हालांकि, घोषित प्रत्याशी बिना स्टार प्रचारकों के ही अपने स्तर से जनसंपर्क और छोटी-छोटी सभाएं कर रहे हैं। पार्टी के नेताओं से संपर्क और नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने की भी कोशिशें कर रहे हैं। प्रत्याशी गांव-गांव, चौक-चौराहों पर जाकर लोगों से मिल रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रचार सोशल मीडिया पर हो रहा है। प्रत्याशी अपनी रोजाना की गतिविधियां सोशल मीडिया पर डालते हैं। इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान 21 अप्रैल से विधिवत शुरू हो जायेगा। इस दिन रांची के प्रभात तारा मैदान में झामुमो ने न्याय उलगुलान रैली का आयोजन किया है। उस रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, वाम नेता दीपांकर भट्टाचार्य, आप नेता,पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, बिहार के नेता तेजस्वी यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल सहित अन्य इंडी गठबंधन के दिग्गजों का जमावड़ा होगा। उसी दिन से इंडिया गठबंधन का प्रचार अभियान भी जोर पकड़ेगा। इस पूरे कार्यक्रम की बागडोर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के कंधों पर है। वह बीच-बीच में बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी ले रही हैं। उल्लेखनीय है कि सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में पहले चरण में 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, तीसरे चरण 25 मई को गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर और चौथे चरण 1 जून को राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा सीटों का चुनाव होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

## वाहन चेकिंग के दौरान स्कूटी से भारी रकम बरामद

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के निर्देशानुसार लालपुर थाना के प्लाजा चौक पर लालपुर थाना गश्ती दल एवं PCR-25 के द्वारा वाहन चेकिंग किया जा रहा था। चेकिंग के क्रम में एक स्कूटी नं. JH-01EH-1487 को जाँच करने पर स्कूटी चालक के पास से 11,06,830/- रु. (ग्यारह लाख छः हजार आठ सौ तीस रूपये) बरामद किया गया। उक्त स्कूटी चालक से पुछताछ करने पर उक्त रूपये पण्डरा बाजार समिति ले जाने की बात बतायी गयी है। इस आशय की सूचना पुलिस द्वारा आयकर विभाग को दी गई , जिसकी आगे की जांच की जा रही है गलत पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी

## मुख्यमंत्री ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को नमन किया

**रांची ।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने ' भारत रत्न ' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें याद करते हुए नमन किया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि शोषितों, वंचितों एवं पीड़ितों को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान करने वाले, भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर शत-शत नमन। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त और अंत्योदय को समर्पित रहा आपका पूरा जीवन सभी के लिए प्रेरणा है।



## मुंबई में 'दबंग' स्टार के घर के बाहर चलीं गोलियां

### बाइक पर आए थे दो बदमाश, 3 राउंड की फायरिंग

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आज सुबह करीब 5 बजे दो अज्ञात लोगों ने यह गोलीबारी की। पुलिस का कहना है कि तीन राउंड की फायरिंग होने की सूचना मिली है। मालूम हो कि दबंग ऐक्टर का घर मुंबई के बांद्रा में स्थित है। मुंबई पुलिस का क्राइम ब्रांच मौके पर पहुंच गया है और जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और शुरुआती दौर की जांच-पड़ताल चल रही है।



## अब पूर्वी लद्दाख में तैनात होगी सेना की नई डिवीजन

### आर्मी ने बनाया प्लान, हिमाकत से पहले सौ बार सोचेगा दुश्मन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए भारतीय सेना नई डिवीजन बनाने की तैयारी में है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, इस प्लान पर लंबे समय से काम चल रहा है, जिसे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को लेकर बदलावों की कड़ी के तौर पर इस साल लागू किया जा सकता है।

# झारखंड में रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर पैनीनजर

### माहौल बिगाड़ने की मिली भनक तो जाएंगे जेल, गाइडलाइन जारी

**रांची ।** रामनवमी के मौके पर सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले सीधे जेल जायेंगे। इसे लेकर झारखंड पुलिस की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि रामनवमी त्योहार को देखते हुए सबसे ज्यादा फोकस सोशल मीडिया पर रहेगा। इसके लिए सभी जिलों में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। मॉनिटरिंग सेल बिल्कुल हाईटेक है। राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाली सूचनाएं मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष में एकत्र की जाएंगी। त्योहार के दौरान कई ऐसे तत्व होते हैं, जो समाज में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं ताकि माहौल खराब हो और किसी दूसरे पक्ष को फायदा मिले। रामनवमी त्योहार को देखते हुए पुलिस भी ऐसे तत्वों को बख्शने के मूड में नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और डीसी को अपने-अपने सोशल मीडिया सेल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को लोगों के साथ-साथ महावीरी अखाड़ों और अन्य शांति समितियों को साझा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जो मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है वह काफी हाईटेक है। उदाहरण के तौर पर अगर कोई किसी अनजान सर्वर से मैसेज वायरल करता है तो इसकी जानकारी तुरंत मॉनिटरिंग सेल के जरिए साइबर टीम को दे दी जाएगी। सोशल मीडिया के अलग-अलग विंग के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रखी जा रही है। अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि सोशल मीडिया को लेकर जिलों के डीसी और एसपी को निर्देश जारी किये गये हैं। उनसे शहर के प्रमुख चौराहों पर सोशल मीडिया से संबंधित साइन लगाने और हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि समाज में अफवाह फैलाने के लिए कई तरह के मैसेज फैलाए जाते हैं। ऐसे में आम लोगों से अपील की गई है कि वे तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या अपने स्थानीय थाने में फोन कर इसकी जानकारी दें। सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के बारे में पुलिस से बात करें और पुलिस से पूछें कि क्या यह जानकारी सही है। रामनवमी पर सोशल मीडिया के जरिए किसी भी तरह की कोई अफवाह न फैलाई जा सके, इसके लिए सभी जिलों में दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर फोन नंबर भी जारी किए गए हैं। गाइडलाइंस में आम लोगों से भी कहा गया है कि वे कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित न करें। अगर उनके मोबाइल पर कोई आपत्तिजनक मैसेज आता है तो वह इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि मैसेज को एक जगह से दूसरी जगह भेजने वाला भी उतना ही दोषी है जितना मैसेज बनाने वाला भी, इसलिए सावधानी बरतें। हाल के दिनों में झारखंड के कई जिलों में सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को जेल भी भेजा गया है। ईद के दौरान सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश वायरल करने के आरोप में रांची से दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने शांति समिति की बैठक में ऐसे सभी लोगों की जानकारी दी है, ताकि लोग इससे सबक ले सकें।



# केडी अंबेडकर चौक खलारी में बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनायी गई

**खलारी।** केडी अंबेडकर चौक पर रविवार को बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह पुर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित राजन सिंह राजा ने सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। साथ ही उपस्थित अन्य सभी लोगों ने भी बारी-बारी से बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए राजन सिंह राजा ने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर ही हम समाज में समानता एवं देश को नई उँचाइयों पर ले जा सकते हैं। उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि जाति और धर्म से उपर उठ कर सिर्फ और सिर्फ इंसान बनने का प्रयास करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजन सिंह राजा, तनवीर आलम, रंजन सिंह बिट्टू, संजय सिंह, विक्की सिंह, अजीत सिंह, फिरोज अंसारी, इकबाल खान, राहुल सिंह, रौशन लाल, पवनराज सिंह, सतेन्द्र खरवार, बबलू सिंह, मोनू सिंह, कुमूद रंजन सिंह, भोला यादव, सुरेन्द्र, चंदन सिंह, विकास कुमार यादव, प्रिंस सिंह, अरूण यादव, भोला राम, गंगा बैठा, सुरज राम, ललित उराँव, विजय उराँव, रंजीत राम, राहुल ठाकुर, महावीर यादव, हिमांशु शेखर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# झामुमो खलारी की ने की बैठक, 21 अप्रैल को रांची में आयोजित उल्गुलान रैली में हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल

**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को बैंक चौक खलारी में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल पासवान एवं संचालन अल्पसंख्यक मोर्चा खलारी प्रखंड अध्यक्ष कलाम रिजवी ने किया। बैठक की शुरुआत में डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 133वी जंयती पर उपस्थित झामुमो पदाधिकारियों एवं कार्यकर्तओं ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिसके बाद बैठक में मुख्य रूप से 21 अप्रैल दिन रविवार को रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित उल्गुलान रैली में शामिल होने की तैयारी पर चर्चा किया गया। साथ ही बैठक मे सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में निर्णय लिया कि खलारी प्रखंड से हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर उल्गुलान रैली को सफल बनाएंगे। बैठक में खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, चितरंजन सिंह राजकुमार गंझू, सुभाष प्रजापति राजेश प्रसाद, अरुण यादव, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव, गौरव सिंह, शिवनाथ मुंडा, सुनील यादव, कलाम रिजवी, आजम अंसारी, हैदर अली खान, रंथु उरावं, संतोष करमाली, मो. इस्लाम अंसारी, याकूब अंसारी, छोटू राम, इशरत अली, अरशद अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

# धमधमिया में मनाई गई डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती

**खलारी।** धमधमियां में रविवार को अंबेडकर सेवा समिति के तत्वावधान में भारत के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। जिसके बाद उपस्थित लोगों के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ.भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुखिया संतोष कुमार महली, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, सरजू सिंह, एसडी राम, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, विनय खलखो, राजकिशोर सिंह, रमेशर भोगता, गोपाल सिंह, नंदू मेहता, विनोद कुमार, बलराम राम, धर्मेंद्र पासवान, प्रभाकर गंझू, सुरेश राम, रंजीत राम, दिलीप राम, सूरजदेव राम, मुंशी प्रेमचंद, बिरजा राम, रामभुवन राम, अजय सिंह, दिलीप गोस्वामी, अयोध्या राम, गणेश मोदी, मनोज साव, शशि उरांव, विनय उरांव, रोहित राम, रमेश कुमार रवि, संजय रवि, दिलु राम, भरत रजक, जीतू बाउरी, पारस उरांव, नन्दकिशोर उरांव, भुनेश्वर मिस्त्री, कृष्णा राम, जगजीवन राम, कयूम अंसारी, राजकुमार राम, सुमित कुमार, सुधीर उरांव, श्रवण उरांव, सुनीता कुजूर, मीना देवी, सुमित्रा देवी, दया भारती, सविता देवी, पुष्पा देवी, सुषमा देवी, उर्मिला देवी, फूलकुमारी देवी, नेमिया देवी, किरण देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# सोमवार को सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हीचैती छठ पर्व का होगा समापन

**पिस्का नगड़ी।** सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन का अनुष्ठान नगड़ी और आसपास के क्षेत्र में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ रविवार को संपन्न हो गया। जलाशयों में पानी नहीं रहने की वजह से नया तालाब एवम रानी चूँवा तालाब में छठ पर्व हो रहा है छठ व्रतियों ने दिनभर उपवास रहकर संध्या में जलाशय अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। सोमवार को सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पर्व का समापन होगा।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा नगडी प्रखंड समिति की हुई बैठक

**पिस्का नगड़ी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा नगडी प्रखंड समिति की बैठकजेएमएम प्रखंड कार्यालय हुई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की ने किया। बैठक में 21 अप्रैल को होने वाला प्रभातारा मैदान में आयोजित इंडिया उलगुलान न्याय महारैली में नगडी प्रखंड क्षेत्र से हजारों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से केन्द्रीय सचिव नन्द किशोर मेहता, रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता, जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, दानियल एक्का( किसान मोर्चा ),राखी देवी ( जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा), महावीर विश्वकर्मा,प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, उपाध्यक्ष धुचु तिर्की, बुधराम महतो, प्रमोद हजाम, सफीक अंसारी, प्रमिला देवी, सह सचिव पुजा देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष तस्लीम अंसारी, उपाध्यक्ष खुर्शीद अंसारी, फिरोज अंसारी, रईब नैयर, शमशाद अंसारी, राहुल मिंज, कोषाध्यक्ष रेयाजुल अंसारी, भुनु लोहरा, अशोक ठाकुर, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्षा सुकरमनी देवी, उपाध्यक्ष सोमारी उरांव, सचिव सोनी देवी, दयामनी तिर्की, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष वरूण महतो, सुरज भगत, मनोज तिर्की, स्टेपन तिर्की, नौशाद अंसारी, विजय बड़ाईक, रमण कुमार तिग्गा, बीरेन्द्र साहु लालमुनी देवी, संकरा महली संतोषी कुमारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलकर संविधान की रक्षा की जाए -भंते जैनेन्द्र तथागत

**रातू।** बुद्धा नर्सिंग कॉलेज बिजुलिया रातू में रविवार को डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर भारतीय बुद्धिस्ट सोसायटी महासंघ के अध्यक्ष भंते जैनेन्द्र तथागत ने कहा कि आजादी के 76 साल बाद भी बाबा साहेब द्वारा उठाये गए मुददे प्रसांगिक है।छुआछुत,गैर बराबरी,भेदभाव आदि। हमें देश से इन सभी भेदभावो को मिटाना है।जैनेन्द्र तथागत ने कहा कि हम सभी को आज बहुत जरूरी है कि बाबा साहेब की बताए मार्ग पर चलकर देश की संविधान की रक्षा की जाए। इससे पहले बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर कॉलेज के छात्रो ने बाबा साहब के देश के लिए दिए गए बहुमूल्य योगदानों को लेकर नाटक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।छात्रो ने बाबा भीमराव के जीवन मूल्यों से अभिप्रेरणा लेने की बात कही। उन्होने कहा कि बाबा भीम राव साहब बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे,विधि विशेषज्ञ के रूप उन्होंने समाज को सुधारने एवं समाज को नई दिशा देने का कार्य किया।

# रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अम्बेडकर ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 133वी जंयती मनाई

## डॉ.भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार थे : अनिता गंझू

**खलारी।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अम्बेडकर के तत्वावधान रविवार को विश्रामपुर पंचायत में डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 133वी जंयती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। जिसके बाद पदाधिकारियों और पार्टी सदस्यो के द्वारा डॉ.भीमराव अम्बेडकर जंयती के अवसर पर केक काटा गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिला प्रदेश अध्यक्ष अनिता गंझू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। जिसके आधार पर आज भारत देश की प्रशासनिक व्यवस्था चल रही है। कहा कि संविधान में सभी प्रकार से सभी वर्गों को समान अवसर और अधिकार दिए गए है। आज विश्व के कई देशों में अंबेडकर की प्रतिमा लगाई गई है, यहां तक कि अमेरिका की विश्व प्रसिद्ध कोलंबिया यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर अंबेडकर जी की प्रतिमा लगाई गई है। क्योंकि बाबा साहेब के पास 64 विषयों में मास्टर्स किया थे और उनके पास 32 डिग्रियां थी, साथ ही वे 9 भाषाओं के जानकार थे। उन्होने कहा कि हमें चाहिए कि हम सब अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दे। साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने सामाजिक समरसता को बढ़ाने और भेदभाव की खाई पाटने के लिए देश को सशक्त संविधान दिया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित संगठन के प्रदेश सचिव शम्भूनाथ गंझू ने कहा कि देश में समता मूलक समाज की स्थापना करने का कल्पना करने वाले डॉ. भीमराव अम्बेडकर पहले व्यक्ति थे। बाबा साहेब ने महिलाओं को सर उठाकर चलने पढ़ने, बोलने, वोट डालने सहित कई अधिकार दिया है। जिससे हमारे समाज में महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे है। हम सभी को उनके बताए गए मार्ग पर चलना है। मौके पर जिला सचिव असलम अंसारी, जिला संगठन सचिव श्यामजी महतो, प्रखंड सचिव जगदीश गंझू, बुकबुका पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार, प्रकाश केशरी, रुनिया देवी, फागुनी देवी, तुलसी गंझू, राधे महली, आयुस कुमार गंझू, मुनिया गंझू, रंजन गंझू, अनिल गंझू सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# अम्बेडकर विचार मंच के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जंयती मनाई गयी

**खलारी।** अम्बेडकर विचार मंच के तत्वावधान में रविवार को साईनगर बुकबुका में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133 वी जंयती अनिल पासवान की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन कुंदन चौहान एवं आनन्द तुरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिता भोगता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप पश्चिमी जिप सदस्य सरस्वती देवी, बेती मुखिया सरिता देवी, पंचायत समिति बेंती पंचायत अनुप्रिया पासवान, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, शाशि भूषण सिंह, संजय प्रसाद, दीपक चौहान, सुनील बौद्ध, अनिता गंझू, मनोज भूईया, इम्तियाज अंसारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर माल्यार्पण किया गया। साथ ही पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। जिसके स्वागत भाषण देते हुए अनिल पासवान ने कहा कि हर भारतीय को बाबा साहेब के विचारों को समझने एवं जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनिता भोगता ने कहा कि भारत का राजनैतिक सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास का हल सिर्फ बाबा साहेब अम्बेडकर का विचार एवं संविधान है। बाबा साहेब अम्बेडकर किसी विशेष जाति विशेष धर्म के नहीं है, बाबा साहेब पूरे देश मानवता का हृदय एवं सकारात्मक ऊर्जा है। वहीं विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने कहा कि हमें भूतकाल के इतिहास की बुराईयों को सुधार कर बाबा साहेब को आदर्श मान कर उनके दिखाए गए मार्ग में चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन शंम्भूनाथ गंझू ने दिया। कार्यक्रम में श्यामजी महतो, अनिता गंझू, सरोज चौधरी, अमित लोहरा, भोला राम, जितेंद्र सिंह, सुनील पासवान, संध्या देवी, रश्मि मुंडा, संगीता खलखो, रमेश गंझू, अरूण पासवान, रीना देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की विसर्जन शोभायात्रा 18 को निकाली जाएगी




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब षष्ठी (बेलवरन) का आमंत्रण सोमवार शाम को 04.40 बजे होगा। 16 अप्रैल को महाष्टमी पूजन, संधि बलि, पुष्पांजलि एवं नवकन्या पूजन होगा। 501 किलो लड्डू चढ़ाया जाएगा। भजन मंडली का आनंद भी भक्तों को मिलेगा। 17 अप्रैल को प्रातः नौ बजे नवमी पूजन होगा। रामनवमी शोभायात्रा में महासमिति के सदस्य श्रीमहावीर मंडल के पदाधिकारियों के साथ प्रस्थान करेंगे। 18 अप्रैल को पूजा प्रांगण में हवन के पश्चात प्रातः 10 बजे से विशाल महाभंडारा का आयोजन होगा। दोपहर तीन बजे से विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। विसर्जन शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि में श्री रामलला की स्थापित प्रतिमा का जीवंत झांकी का प्रदर्शन होगा। मुख्य संरक्षक उदय साहू रविवार को प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल को नवपत्रिका आगमन एवं सुबह 7-35 बजे सर्वदेव पूजन एवं माता की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

# विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर बैठक की



**चान्हो** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड सरकार की अत्यंत लाभकारी और महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार, घोटाला और घपलेबाजी स्वीकार नहीं है। श्रीमती तिर्की ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता और भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।आज क्षेत्र भ्रमण के दौरान चान्हो प्रखण्ड के ग्राम पकरियों में ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए आम लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। श्रीमती तिर्की ने विशेष रूप से अबुआ आवास, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, पेयजल जैसी विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया ! उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के कारण विकास की अनेक योजनाओं और कार्यों पर कुछ असर पड़ा है, लेकिन चुनाव के बाद सभी लाभकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में गति आयेगी। मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान, पंचायत अध्यक्ष पंचू उरांव, मुखिया शिवा उरांव एवं अन्य लोगों उपस्थित रहे।

# राहे एवं नुरू में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाया गया




**सिल्ली** -- रविवार दिनांक 14 अप्रैल 2024 को भगतसिंह चौंक राहे एवं बिरसा चौंक नुरू में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पर संविधान बचाओ दिवस मनाया गया । संविधान, लोकतंत्र,व देश की रक्षा का शपथ लिया गया। डॉ भीमराव अम्बेडकर अमर रहे, भारतीय संविधान अमर रहे आदि नारे लग रहे थे। डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने डा भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा अम्बेडकर के रास्ते ही खुशहाल भारत का सपना पूरा किया जा सकता है । समानता, सद्भाव , भा?ईचारा , लोकतंत्र की बहाली संभव है । आज संविधान की रक्षा सर्वोपरि है। इस अवसर पर श्रवन मुंडा,पुसु मुंडा,कालो कुम्हार, मनोरंजन शेखर, रनजीत सिंह, ब्यास लोहरा, बलदेव लोहरा,रामू लोहरा,सुकरा कुम्हार, संतोष गोंझू , संदीप मुंडा , चमरू मुंडा, सुखराम मुंडा,समल मुंडा, बुद्धदेव मुंडा प्रकाश मुंडा आदि उपस्थित थे। यह जानकारी सुफल महतो राज्य अध्यक्ष झारखंड राज्य किसान सभा ने दी ।

# सर्वसमावेशी संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार डॉ अंबेडकर का जीवन प्रेरणा स्रोत : बाबूलाल मरांडी

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची** - बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश और समाज के लिए उनके योगदान पर चर्चा की।



उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर देश के लिए सर्वसमावेशी संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार एवं समाज में व्याप्त असमानता को को दूर करने वाले महामानव के रूप में जाने जाते हैं। शोषितों, वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बाबासाहेब का जीवन हम सभी के लिए सदा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा एवं एक समृद्ध राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब समाज में फैले जहर को पीकर हमारे लिये सिर्फ अमृत छोड़ गये हैं। हम उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बाबा साहब एक महान देशभक्त, समाज सुधारक एवं महान शिक्षाविद् एवं राजनीतिज्ञ के रूप में याद किये जाते रहेंगे। भारत का एक-एक नागरिक उनके योगदान पर गौरवान्वित महसूस करता है।

बाबा साहब के सपनों का भारत गढ़ रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी - अमर बाउरी महानगर भाजपा के सुखदेव नगर मंडल में समाज के लोगों को सम्मानित करने के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि बाबा साहब ने जन्म से जीवन तक जगह-जगह यातनाएं झेली, अपमानित होते रहे पर उन्हीं के हाथ में जब देश के भविष्य का दस्तावेज बनाने का अवसर आया तो उसमें कहीं भी कटुता का भाव नहीं दिखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहब के सपनों का देश गढ़ने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

# मतदाता जागरण एवं सहायता केन्द्र 25 मई तक चलाएगा मतदाता जागरूकता अभियान

**रांची** - एकल फ्युचर, एकल अभियान रांची द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदाता जागरण एवं सहायता केन्द्र कार्यालय का उद्घाटन बरियातु रोड़ रांची स्थित आरोग्य भवन 1 के कोठी कमांक 38 में किया गया। इस केन्द्र के माध्यम से 25 मई तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान एवं राष्ट्रहित में मतदान का संदेश लेकर शहर के मोहल्लों एवं आपर्टमेटो में एवं ग्रामीण क्षेत्र के घरो में जनसम्पर्क एवं जनसंबाद स्थापित कर मतदाताओं को सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से किसी भी मतदाता को अपने मतदान के प्रति किसी भी प्रकार का संशय या समस्या हो उसका समाधान इस केन्द्र के माध्यम से किया जाएगा।




मतदाता जागरण एवं सहायता केन्द्र के संचालन हेतु एक टोली बनाई गई है - संयोजक मुकेश कुमार अग्रवाल, सहसंयोजक प्रशांत कुमार सिंह बनाये गए है। प्रभारी प्रेम प्रकाश आर्या एवं सहप्रभारी श्रीमती रेखा जैन बनाई गई। इस अभियान का एक मार्गदर्शक मंडल भी बनाया गया जो इस प्रकार है- सतीश कुमार तुलस्यान, चन्द्रकांत रायपत, पवन मंत्री, श्रीमती उषा जालान, श्रीमती सुनिता महनसरिया, डॉ ललन कुमार शर्मा, अमरेन्द्र विष्णुपुरी का नाम है। यह अभियान रांची लोकसभा के 7 विधानसभा जिसमें रांची विधानसभा, हटिया, विधानसभा, काके विधानसभा, खिजरी विधानसभा, माडर विधानसभा, सिल्ली विधानसभा एवं ईचागढ़ विधानसभा में कार्य किया जाऐगा।

यह मतदाता जागरण एवं सहायता केन्द्र प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से लेकर संध्या 8 बजे कार्य करेगा एवं 15 मई के बाद यह केन्द्र 24 घंटे काम करेगा।

रांची लोकसभा से सम्बंधित यदि किसी भी व्यक्ति का यदि मतदाता प्रमाण पत्र अभितक नहीं बन पाया हो या अन्य कठिनाई हो तो वे इस केन्द्र से सम्पर्क करें केन्द्र उनका सहयोग करेगा।

# सरहुल पर्व केवल प्रकृति पर्व हीं नहीं, बल्कि प्रकृति के सभी प्राणियों का मेल-मिलाप है : डॉ. एची.पी. नारायण

**रांची** - वनवासी कल्याण केन्द्र के तत्वावधान में आरोग्य भवन, बरियातु स्थित सभागार में सरहुल मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। रांची महानगर अध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने प्रस्तावना के रूप में वनवासी कल्याण केन्द्र के द्वारा जनजाति हित में सेवा कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज अगर पर्यावरण को कोई सुरक्षित रखा है तो वह है जनजाति समाज। जनजाति समाज यदि नहीं होता तो पर्यावरण संतुलन नहीं रहता और पर्यावरण संतुलन नहीं रहने से सृष्टि का विनाश अवश्य होता।




डॉ. एची.पी. नारायण ने कहा कि सरहुल पर्व केवल प्रकृति पर्व हीं नहीं है बल्कि सभी प्रकृति के सभी प्राणियों का मेल-मिलाप है। पेशा कानून झारखण्ड में अभी तक लागु नहीं हुआ है और लागु नहीं होने से जनजातियों की रीति-रिवाज-परम्परा संरक्षित नहीं हो पा रही है। इसीलिए आप सभी जागिये और अपना हक मांगिये।

झारखण्ड पंचायती राज विभाग की निदेशिका निशा उराँव ने कहा कि धरती ही परिवार है, सभी जनजाति प्रकृति को पूजते हैं। परिवार को पूजा जाता है। सरहुल के ही दिन धरती माता और सूर्य देवता का विवाह हुआ था। इसी दिन से जनजाति समुदाय नये-नये फल, सब्जियों को पूजा करने के उपरांत सेवन करते हैं तथा इसी दिन से नये साल की शुभारंभ होती है। सखुवा पेड़ के पते से दौना एवं पत्तल बनाते हैं और साल के बीज से महुवा के फल के साथ मिलाकर खाते हैं। जनजातियों का कोई इतिहास ग्रंथ नहीं है जबकि अन्य समाज का इतिहास लिखित है। जनजातियों का पग-पग, डेग-डेग में गीत गोविन्द, मांदर, ढाक में इतिहास लिखा हुआ है। संथाली में इसे बहा पर्व के रूप में प्रकृति को पूजा करते हैं। प्रकृति में बरगद, तुलसी, पीपल को पूजते हैं। भारतीय सभ्यता ने हीं पर्यावरण के साथ-साथ परम्परा को भी संरक्षित रखा है। इसके साथ हीं निशा उरांव ने पेशा कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के बीच-बीच में डॉ. बुटन महली एवं लक्ष्मीकांत बड़ाईक ने सरहुल गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया इसके अलावे अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुये। कार्यक्रम को देवव्रत पाहन, बी.आई.टी. के प्रो. डॉ. प्रदीप मुण्डा एवं साईनाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एस.पी. अग्रवाल ने भी सरहुल महोत्सव को संबोधित किया। कार्यक्रम में कई मौजा के पाहनों एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन संदीप उरांव एवं प्रदीप लकड़ा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जनजाति सुरक्षा मंच के प्रमुख पाहन विमल पाहन ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मेघा उरांव, सोमा उरांव, हिन्दुवा उरांव, सन्नी उरांव, सुनील सिंह, तुलसी गुप्ता, विजय केशरी, हीरेन्द्र सिन्हा, नरेश पाहन, महेश मुण्डा, पिंकी खोया, सुशील मराण्डी, देवनन्दन सिंह, तुलसी महतो, देवकी मुण्डा, नरेश मुण्डा, अमित मुण्डा, रामकुमार पाहन, सुजाता मुण्डा, ललिता कुमारी, सुलेखा कुमारी, प्रतिभा गोयल, पूनम गुप्ता, रणधीर सिन्हा, बीरेन्द्र सिंह पवन मंत्री अर्जुन राम, डॉक्टर अटल पांडेन्य, भीम मुंडा ,जितेश्वर मुंडा रवि प्रकाश उरांव प्रेम प्रकाश उरांव वह अन्य उपस्थित थे।

# यूसीएमएएस अबेकस में अथर्व शर्मा ने राज्य स्तरीय प्रथम रनरअप का खिताब जीता




**रांची** = राँची में यूसीएमएएस अबेकस की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हुई जिसमें अथर्व शर्मा ने प्रथम रनरअप का खिताब अपने नाम किया। अथर्व अबेकस माध्यम द्वारा गणीत के जटील जोड़-घटाव-गुणा-भाग को अंगुलियों पर चुटकियों में सुलझा लेता है। अबेकस की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया था इसमे अथर्व अपने अंकगणीतीय कौशल से राज्य में प्रथम रनरअप रहा।

# नाटक 'राज रक्त' के मंचन के साथ नट रंग -3 का समापन



**रांची** = नाट्य संस्था मैट्रिक्स ( स्टेप फॉर ह्यूमनीटी ) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं कला संस्कृति विभाग झारखण्ड सरकार के से आयोजित 3 दिवसीय नाट्य महोत्सव ( नट रंग -3 ) का समापन नाटक राज रक्त का मंचन हुआ जिसमे नाटक राज रक्त एक श्चश्वद्यद्बह्लद्बष्ड्डद्य स्रह्लड्डद्वड्ड है, जिसमें हम देखते हैं कि राज्य के कई उच्च पद के लोग एक साथ मिलकर राजा को गद्दी से हटाना चाहते हैं पर उन्हें कोई रास्ता नहीं नज़र आता।

कहानी में एक मोड़ ऐसा आता है जहां राजा अपनी प्रजा की भलाई के कुछ ठोस कदम उठाते हैं, जिसका राज्य के कई पद धारी लोग साथ नहीं देते और उनके खिलाफ़ हो जाते हैं। बस यही मौका उन उच्च कुल के लोगों को मिलता है जिसमें राजा का भाई नक्षत्रराय, राजा की पत्नी गुणवती और राज्य का पुरोहित रघुपति शामिल होते हैं, वे सभी नक्षत्रराय को राजा बनाने की लालसा देते हैं और उसे राजा के गोद लिए हुए पुत्र ताता की हत्या करवाने को उकसाते हैं।

जब ये बात पुरोहित के द्वारा पोषित पुत्र जयसिंह को पता चलती है तो वो अपने पिता का साथ नहीं देना चाहता और उसे समझने की बेजोड़ कोशिश करता है। पर रघुपति अपने पुत्र की बात नहीं सुनता और कोई रास्ता ना पाकर जयसिंह स्वयं की जान दे देता है।

इधर नक्षत्रराय ताता को मारवा देता है। जब ये बात राजा को पता चलती है तो वो अपने भाई और पुरोहित को देश से 8 वर्ष के निर्वासन का दंड देता है। पुरोहित आत्मग्लानि में राज्य छोड़ कर चला जाता है पर नक्षत्रराय अपने भाई को मारने का निश्चय करता है। नक्षत्रराय राज्य के बाहर के मुगल दुश्मनों से मिल जाता है और अपने भाई पर हमला कर के उसे मार देता है। गोविंद के मरने पर वो राज्य का राजा बन जाता है और गुणवती उसकी पत्नी। राजा बनने के बाद वो पुराने राजा के सभी कानूनों को हटा कर अपने बनाए कानूनों को लागू कर देता है। सोनु सोनार, शिवांग चौबे, शंकर पाठक, अंकिता केरकेट्टा, शर्मिष्ठा शर्मा, अंकित कुमार, शाश्वत चौधरी, किरणमय महतो, सनी देवगम, सुजल पासवान, श्वेता, सुशांत सरीन, गिरीश दत्त, मणिकांत और आकांक्षा ने इस नाटक में कमाल का अभिनय किया है, म्यूजिक - अभिराज कुमार, मेकअप - रीतू रागिनी और लाइट दिबाशीष दा ने किया।।

# अभिभावक सम्मान समारोह आयोजित



**पिस्का नगड़ी।** शनिवार को नगड़ी के सेक्रेड मिशन हाई स्कूल में 19वाँ स्थापना दिवस सह अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेक्रेड मिशन हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षाप्रद रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी के तहत रोचक यंत्र की प्रस्तुति दी गई एवं भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के ओर से अतिथियों एवं विद्यालय के 300 अभिभावकों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य सनातन विशि जी के उपस्थिति में दीप प्रज्वलित, पूजा-अर्चना एवं हवन कर किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक सुरेश्वरी महतो, प्राचार्या बबीता कुमारी, अतिथि केदार महतो, प्रेमसागर महतो, आनन्द प्रसाद महतो, भोला महतो, विजय महतो, प्रीतम कुमार, लाला केशरी,प्रो विनोद केशरी, रवि प्रकाश सोनी, श्यामकिशोर महतो एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# प्रभु की दिव्य अनुभुति केवल ध्यान अभ्यास से होगी प्राप्ति, परमात्मा और हम अलग नही - मुकेश शास्त्री

**इटकी प्रतिनिधि**

ऐसा सुन्दर मनुष्य जीवन व्यर्थ ना हो जाय, इस विषय में हमेशा सवधान रहे। वास्तविक सुख की इच्छा जागृति हो इसके लिए अपनी बुद्धि को पलटने की जरूरत है। पहले मनुष्य को विश्वास कर चलना पड़ता है फिर अनुभव होने पर डिगाना असंभव है। परमात्मा पर निश्चित रूप से विश्वास किजीये इस संसार में सुख लेश मात्र की भी नही है। प्रभु को जैसा मानते है वैसे ही मानने का चेष्टा करते रहे। यह संसार अनित्य है यहां सुख नही अगर सुख चाहते हो तो भगवान नाम का सुमिरण करो। भगवान का वचन कभी मिथ्या नही होते। सुख प्राप्ति की भ्रान्ति में जीवन को बरबाद करना भारी भुल होगा। उकत अध्यात्मिक बाते पंडित मुकेश शास्त्री ने कही वे इटकी में



आयोजित श्रीराम चरित मानष पाठ महायज्ञ के 75 वें अधिवेशन में रामकथा के पांचवें दिन प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि एक बार सरल हृदय से दृढ़तापूर्वक स्वीकार कर ले कि मै केवल भगवान का ही अशं हूँ और भगवान ही अपने है क्योंकि शरीर -संसार कभी किसी के साथ नही रहते और परमात्मा किसी का साथ नही छोड़ते है। हम और परमात्मा अलग नही है। प्रभु की इस दिव्य अनुभुति को हम केवल ध्यान के अभ्यास के जरिये प्राप्त कर सकते है। इसके पूर्व जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष विजय मेहता, कंचित शाही, संजय गोप सहित अन्य लोगों ने आरती कर प्रवचन की शुरुआत की। प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रोता राम कथा श्रवण करने पहुंचे थे।

# चैती दुर्गा पूजा आज खुलेगी पट

## रातू के प्राचीन बजरंगबली मंदिर परिसर में स्थापित की गई है माँ दुर्गा की प्रतिमा

**रातू।** चैती दुर्गा पूजा के मौके पर महासप्तमी के दिन सोमवार को नवपत्रिका पूजन के बाद माँ दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिया जाएगा।माँ दुर्गा के पट का अनावरण रातू किला की राजकुमारी माधुरी मंजरी देवी करेंगी।ज्ञात हो कि रातू का यह प्राचीन बजरंगबली मंदिर में आजादी काल से ही हुनमान जी की पूजा की जा रही है।इस मंदिर परिसर में रामनवमी के दिन रातू प्रखंड के दर्जनों गांवो के झंडो का मिलन होता है।सभी गांवो के रामनवमी जुलूस का मिलन स्थल भी यही है।इस मंदिर से ही पूरे क्षेत्र के जुलूस की अगुवाई भी की जाती है।रामनवमी पूजा समिति रातू के सदस्यों की भूमिका केन्द्रीय समिति के रूप में जानी जाती है।चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी पूजा समिति में मुख्य रूप से राजकुमार, प्रदीप साहू, हरि साहू,संजय गुप्ता,संजय साहु, गुड्डु साहू, सोनू साहू, सुदामा प्रसाद सहित कई लोगों का विशेष योगदान है।

# सेल रांची इकाइयों ने मनाई डॉ अंबेडकर जयंती




**रांची** --- डॉ. भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती सेल, सैटेलाइट टाउनशिप में सेल की सभी छह रांची इकाइयों की भागीदारी के साथ सच्चे राष्ट्रवादी उत्साह के साथ मनाई गई। समारोह में आशीष चक्रवर्ती, ईडी (एचआरडी और एसएसओ), एसके वर्मा, ईडी (सीईटी); एसके कर, ईडी (आरडीसीआईएस) और सेल, रांची के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। सभा के प्रारंभ में एस जाचुक, सीजीएम (पी एंड ए) ने इस अवसर पर सभी कर्मचारियों का स्वागत किया। इसके बाद जे. हेमरोम ने उपस्थित लोगों को डॉ. बीआर अंबेडकर के जीवन और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। सेल, रांची के सभी कार्यपालक निदेशकों ने डॉ. अंबेडकर के देश के प्रति योगदान की सराहना की और उपस्थित लोगों से डॉ. अंबेडकर के महान चरित्र के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया। धन्यवाद ज्ञापन जय प्रकाश द्वारा किया गया। समारोह का संचालन सुलोचना टोप्पो ने किया।

# ओबीसी मोर्चा ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनायी



**रांची** = देश में राजनीतिक बराबरी तब तक कोई अर्थ नहीं रखेगी,जब तक सामाजिक,आर्थिक बराबरी कायम न होगी। 26 नवंबर 1949 में संविधान सभा में बोलते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर ने कही थी। वह बातें आज भी प्रासंगिक है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय हार्मोन में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 133वीं जयंती के उपलक्ष में उनके तस्वीर पर माल्यार्पण करने के पश्चात कहीं। श्री गुप्ता ने कहा कि भारत रत्न डॉ अंबेडकर ने उसे वक्त कहा था कि इस देश में संविधान लागू हो जाने से राजनीतिक रूप से बराबरी तो हो गई लेकिन इस संविधान को लागू करने वाले ठीक नहीं होंगे तो यह कागज का पुलिंदा साबित होगा। श्री गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए देश के समस्त नागरिकों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ एवं नागरिकों में सामाजिक समता लाना होगा। प्रदेश महासचिव अजय मेहता ने कहा की देश के संविधान को सबके घरों में रखने और उसके एक-एक अनुच्छेद को पढ़ने की जरूरत है। डॉ भीमराव अंबेडकर जी के तस्वीर पर माल्यार्पण के पश्चात एक स्वर में संविधान का प्रस्तावना का पाठ किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता प्रदेश महासचिव अजय मेहता राम लखन साहू राम अवतार कश्यप,अधिवक्ता राकेश कुमार, विष्णु कुमार,कमलेश चौधरी, अजय मंडल, विनय चंद्रवंशी रामदयाल मुंडा आदि का नाम शामिल है।

# अस्ताचलगामी सुर्य को दी गई अर्ध्य,आज भगवान भुवन भाष्कर को दी जाएगी अर्ध्य

**रातू।** चैती छठ के तीसरे दिन रविवार को अस्ताचलगामी सुर्य को अर्ध्य अर्पित किया गया।वही सोमवार को उदयाचलगामी सुर्य को अर्ध्य दी जाएगी। छठ महापर्व को लेकर रातू बडा तालाब और पिर्रा तालाब में काफी भीड देखी गई। फन कैसल पार्क व शिवशंकर परिवार की ओर से छठव्रतियो के लिए तालाब परिसर में लाईट की व्यवस्था की गई है।वही छठव्रतियो को कोई परेशानी ना हो इसके लिए प्रशासन की ओर से भी तालाब परिसर में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात थी।सोमवार को सुबह उदयाचलगामी सुर्य को अर्ध्य देने के साथ ही चार दिनो से चला आ रहा चैती छठ पूजा का समापन हो जाएगा।

# ओबीसी मोर्चा ने प्रदेश कार्यालय में सोक सभा का आयोजन



**रांची**=राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के सलाहकार सुनील जायसवाल जी के 75 वर्षीय शिक्षक सह समाज सेवी पिता रामचंद्र जायसवाल जी का निधन पर हो गया है। वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों सहित भारा पुरा छोड़ गए हैं। उनके निधन पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने प्रदेश कार्यालय में 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत के प्रति श्रद्धांजलि दी गई।

2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, प्रदेश महासचिव अजय मेहता, रामावतार कश्यप, राम लखन साहू, विष्णु कुमार, अधिवक्ता राकेश कुमार, अजय मंडल, विनय चंद्रवंशी, सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, कमलेश चौधरी का नाम शामिल है।

# बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**अनगड़ा।** डॉ भीमराव अम्बेडकर जयन्ति के मौके पर टाटीसिलवे डोलबगीचा स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माला पहनाकर उनकी जयन्ती धूमधाम से मनाई गयी। इस मौके मुख्य अतिथि के तौर पर आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा की बाबा साहब भारतीय संविधान के शिल्पकार थे जो संविधान बनाएं हमे वो संविधान को बचा के रखना है और उनके आदर्शों पर चलना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू नायक ने संचालन जगरनाथ महतो ने किया।इस मौके विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य विपिन टोप्पो आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य राजू नायक अर्जुन राम मानव राम किसन नायक राजेश नायक विजय नायक शंकर रामअरुण राम बंटी नायक सुनील जॉय मुखिया कृष्णा पाहन भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो मनोज चौधरी रामसाय मुंडा इत्यादि उपस्थित थे।

# डकरा में एसटी एससी ओबीसी एकता मंच के तत्वावधान में मनाई गई भीमराव अंबेडकर की जयंती

**खलारी।** एससी एसटी ओबीसी एकता मंच के तत्वावधान में अंबेडकर पार्क डकरा में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीसीएल एनके एरिया सेफ्टी ऑफिसर राजेन्द्र प्रसाद तथा एसओपी ज्योति कुमार ,मैनेजर लोकनाथ राणा ,रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता,जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी,मुखिया पुतुल देवी सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवपाल मुंडा तथा संचालन अशोक कुमार सिंह ने किया।कार्यक्रम में सर्व प्रथम अतिथियों के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद साथ ही नीला गमछा एवं



डॉ अम्बेडकर की तस्वीर देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम में महेंद्र ठाकुर के टीम के द्वारा अंबेडकर गीत प्रस्तुत किया गया। इस बीच वक्ताओं ने अपने अपने बातों को रखते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर उपस्थित अनिता गंझू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने जाति पाति, छूत अछूत, ऊंच-नीच आदि विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में अग्रणीय भूमिका निभाई है। वहीं कान्हाई पासी ने कहा कि बाबा भीमराव अम्बेडकर उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसटी एससी ओबीसी एकता मंच एनके एरिया देवपाल मुंडा ने कहा कि डॉ अम्बेडकर के जीवन दर्शन का लोग अध्ययन कर उनके विचारों से जरूर से सीख ले और भीमराव अंबेडकर के शिक्षित बनो,संगठित हो ,संघर्ष करो के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।वहीं सीसीएल कर्मी रामदेव राम ने महापुरुषों की जीवनी पर आधारित पुस्तक मंच के कार्यकारी अध्यक्ष देवपाल मुंडा को भेट किया। इस मौके पर मुखिया पुष्पा खलखो,दीपमाला कुमारी, शांति देवी, ललिता देवी,प्रमोद कराड़िया,रंथू उरांव, जगरनाथ महतो,रामलखन गंझु, अमृत भोगता, जंगबहादुर राम,असरफी राम,कन्हाई पासी,रविन्द्र बैठा, किशोर सतनामी,सुनील राम,बरतु मुंडा,जगदीश तिर्की,सुखराम सेठ,उतरा कुमार,भजोराम सतनामी, अशोक उरांव, जगरनाथ महतो,किशोर कुमार,ध्वजा राम धोबी,सूरज दास, अनिल पासवान,अनिता देवी,फूलो देवी,दिनेश प्रसाद,संदीप कुमार दास,सोनल कुमार दास,वीरू भोगता,रमेस गंझु, जगदीश गंझु, जगदीश तिर्की,नागेंद्र कुमार,दिलीप पासवान,संजय मुंडा,नित्या कुमार सहित कई लोग मौजूद थे

# पॉल ऑप्टिकल्स में लॉच हुई हियरिंग ऐड क्लिनिक की अत्याधुनिक पेशकश 'ईयरकार्ट ओम्नी'

**रांची** =झारखंड की राजधानी राँची में आज बंगाली नव वर्ष के अवसर को ख़ास बनाते हुए शहर की प्रतिष्ठित पॉल ऑप्टिकल्स ने अपने ऑप्टिकल्स सेगमेंट में आज हियरिंग ऐड की सर्विस जोड़कर एक और उपलब्धि की शुरुआत की है। अपने दूसरे वर्षगाँठ पर पॉल ऑप्टिकल्स के संचालक संजय पॉल ने अपने तीस वर्षों के अनुभव को साझा किया और बताया कि शहर का यह एकमात्र प्रतिष्ठान है जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की आँखों की जाँच के साथ साथ कानों की वैज्ञानिक जाँच और सुनने की समस्या का भी समाधान किया जायेगा। श्री पॉल ने कहा कि वर्षगाँठ के अवसर पर अगले तीन महीनों तक वैसे लोग जिन्हें कम सुनाई देती है, उनका अत्याधुनिक मशीन ईयरकार्ट ओम्नी से निःशुल्क जाँच किया जाएगा। इसके लिए देश की अग्रणी कंपनी ईयरकार्ट के साथ पॉल ऑप्टिकल्स ने एक नई शुरुआत की है। लोग इस सुविधा का घर बैठे भी लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह झारखंड का पहला स्टोर है जहां चश्मा और हियरिंग ऐड पर




फ्री इंश्योरेंस दिया जाता है। चस्मों पर एक साल का फ्री इन्शुरन्स मिलता है. एस्सिलर लक्सोटिका किसी भी तरह का नुकसान के लिए भुगतान करेगा। ग़रीबों का ख़्याल रखते हुए उन्होंने ग़रीबों को मुफ़्त सेवा देने का भी वादा किया। WHO की रिपोर्ट के अनुसार देशभर में लगभग 10 करोड़ लोगों को बहरेपन की समस्या है. लेकिन उससे भी बड़ी समस्या यह है कि ज़्यादातर लोगों को यह नहीं पता है कि इस समस्या का कैसे समाधान किया जाय. श्रीमती मिश्रा बताती हैं कि लगभग 60त्न भारतीयों को ऑडियोलॉजिस्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं. देश में कम ओडोलॉजिस्टों की समस्या देखते हुए इस मशीन को ईजाद किया गया, ताकि कहीं दूर बैठे ओडोलॉजिस्ट भी मरीज़ों की समस्या का वैज्ञानिक तरीक़े से समाधान कर सकें. सामान्यतः लोग कानों की समस्या पर ध्यान नहीं देते हैं, WHO के मुताबिक़, अनूपचारित ऊँचा सुन ने के कारण लोगों को डिप्रेशन, याददाश्त खोना, ब्लड प्रेशर, हार्ट स्ट्रोक, ब्रेन स्ट्रोक और चिड़चिड़ापन की समस्या पनपने लगती है. सभी को एक निर्धारित अंतराल पर अपने कानों की जाँच करा लेनी चाहिए.

# जेहलीटांड स्थित अम्बा धौडा मस्जिद के समीप सड़क जगह-जगह से फट जानें और जमीन धंसने से दहशत में है ग्रामीण

**खलारी।** विश्रामपुर पंचायत के जेहलीटांड स्थित अम्बा धौडा मस्जिद के समीप रविवार की देर शाम में केडी बाजार जाने वाली सड़क जगह-जगह से फट गई। वहीं सड़क के अगल बगल रहने लोग सड़क के फट जाने से काफी दहषत में आ गए। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि शाम के समय केडी जाने वाले सड़क अचानक जगह-जगह से फट गई और जमीन धंस गया। ग्रामीणों ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन को सूचना देने के बाद भी भारी वाहनों का आवागमन इसी सड़क से किया जा रहा है। वहीं स्कूल बसें भी इस मार्ग से होकर गुजरती है। ग्रामीणों का भी आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीणों ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन अगर ध्यान नही देती है तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। साथ उक्त सड़क के बगल स्थित मस्जिद भी है जहां हमेशा पांच वक्त की नमाज पढ़ी जाती है और अगल-बगल में काफी घर भी है। कहा गया कि सड़क फटने और भू-धसान की घटना बार-बार हो रही है फिर भी सीसीएल प्रबंधन उक्त समस्या के प्रति गंभीर नही है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर भविष्य कोई अनहोनी हुई तो इसका जिम्मेवार केडीएच प्रबंधक होगी।





## जंगली हाथियों के झुंड ने रकुवा गांव में खेतों में लगी फसलों को किया नष्ट



**गोला।** जंगली हाथियों का झुंड गोला प्रखंड अंतर्गत रकुवा गांव में घुस गए। साथ ही हाथियों के झुंड ने रकुवा गांव के खेतों में लगे फसलों को रौंद कर नष्ट कर दिया। जिससे गांव के हेमंत कुमार महतो, सुखल महतो, अनिल कुमार महतो, नीलांबर महतो सहित कई किसानों के खेतों में लगी कद्दू, तरबूज, मिर्च, खीरा, प्याज आदि की फसलें नष्ट हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर रकुवा पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेश कुमार रजक ने रविवार को खेत पहुंचकर क्षतिग्रस्त हुई फसलों का जायजा लिया। साथ ही पंचायत की मुखिया पिंकी देवी एवं पूर्व मुखिया सुरेश कुमार रजक ने पीड़ित किसानों को नष्ट हुए फसल की क्षतिपूर्ति हेतु उचित मुआवजा देने और वन विभाग से ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई पिकअप वाहन, घायल चालक का बरलंगा थाना प्रभारी ने स्वयं किया उपचार



**गोला।** गोला प्रखंड अंतर्गत डिमरा के समीप बीती रात टाटा इंट्रा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। जिसमें वाहन चालक गिरिडीह जिले के बिरनी थाना अंतर्गत मेंझलाडीह निवासी सचिन पासवान पिता प्रकाश पासवान घायल हो गए। जानकारी के अनुसार टाटा इंट्रा पिकअप वाहन (जेएच10सीवी-4091) सब्जी लोडकर गिरिडीह से सिल्ली जा रही थी। इसी दौरान डिमरा में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। जिसमें वाहन चालक घायल हो गया। बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह ने स्वयं घायल चालक का प्राथमिक उपचार किया और उन्हें अपने वाहन से गोला स्थित अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज कराने के पश्चात उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया।

## बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को करें आत्मसात : सुधीर मंगलेश

**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड के सिरू बुधबाजार में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित दुलमी प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारत की भूमि पर भारत माता की कोख से अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया, बाबा साहब उनमें एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उनका पूरा जीवन संघर्ष, सत्यनिष्ठा, लगन व वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है। उन्होंने व्यक्तिगत जीवन में अनेक बाधाओं व कष्टों को सहा, किंतु कभी भी अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुए। सार्वजनिक जीवन में उन्होंने भेदभाव का कड़ा विरोध किया। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर विकास कुमार, उत्तम कुमार, नटवरलाल करमाली, छोटन कुमार, अजय कुमार, सपूत कुमार, राम प्रसाद महतो, रोहित प्रजापति, शुभम कुमार आदि उपस्थित थे।

## चैती छठ महापर्व के तीसरे दिन छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को दिया प्रथम अर्ध्य, छठ के गीतों से गूंजा क्षेत्र

**भुरकुंडा।** श्रद्धा भक्ति व लोकआस्था का महापर्व चैती छठ भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आससपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। चार दिवसीय चैती छठ के तीसरे दिन रविवार को छठव्रती दिन-रात निर्जला उपवास रहीं। साथ ही अपराहन बाद सूप दउरा में प्रसाद, धूप, अगरबती, नारियल व फल-फूल सजाकर छठ घाटों पर जाकर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्ध्य दी। वहीं चौथे दिन सोमवार को तड़के सुबह पुनः छठ घाटों पर जाकर उद्यीमान भगवान सूर्य को द्वितीय अर्ध्य अर्पित करेंगे। दोनों समय अर्ध्य अर्पित करने से पहले छठव्रती आधे शरीर पानी में रहकर छठ मां, भगवान सूर्य की पूजा अराधना करेंगे।

# भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई रामगढ़ और बड़कागांव विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

## झारखंड के हर चौखट से मिलेगा भाजपा को जीत का आशीर्वादः लक्ष्मीकांत वाजपेई





**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा सीट पर विजय प्राप्त करने के लिए भाजपा पहले से ही आश्वस्त है। यहां के कार्यकताओं को बस हनुमान जी की तरह उनकी ताकत याद दिलानी है। इनके ऊर्जा का स्रोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों से बूथ स्तर तक के कार्यकताओं को ताकत मिलती है। उक्त बातें रविवार को शहर के होटल लमेरिटल में भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कही। वे रामगढ़ और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं के साथ बैठक करने रामगढ़ शहर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एक वानर सेवा के रूप में काम करती है। उनके अंदर राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है। यही वजह है कि हम सिर्फ हजारीबाग लोकसभा सीट ही नहीं बल्कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करेंगे।

**हताश और निराश विपक्ष हार की कगार पर :** भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि झारखंड में विपक्ष हताश और निराशा है। यह सिर्फ बौखला कर ईडी और सीबीआई की बात रखता है। जबकि हकीकत यह है कि जिन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ शिकायत मिली, ईडी ने उन्हें सलाखों के पीछे भेजा। जिन लोगों को भी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया उन्हें 12 दिनों की ईडी की डिमांड पर भेजा गया। समय अवधि खत्म होने के बाद उन सभी भ्रष्टाचारियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। ऐसा कोई भी नहीं जिसे न्यायालय ने पहले ही दिन खड़े-खड़े जमानत दे दी हो। इसका मतलब साफ है कि ईडी ने जितने मामलों की जांच की है वह प्रथम दृश्य सत्य हैं।

**हर चौखट से मिलेगा जीत का आशीर्वाद :** लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि भाजपा का एजेंडा साफ है। जनमानस का विकास और भारत माता का अर्चन।इसी उद्देश्य के साथ भाजपा ने विकास की नई लकीर खींची है। अगर झारखंड की बात करें तो यहां की सरकारों ने जितने गलत काम किए हैं वह भी उजागर हो चुके हैं। उनके गलत कामों का प्रचार हम कर रहे हैं तो हम पर अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं। जनता इन सारी बातों को जानती है। सिर्फ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि झारखंड के हर चौखट से भाजपा को जीत का आशीर्वाद मिलेगा।

## कुशवाहा विकास समिति सह कुशवाहा भवन के चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के तीन, सचिव पद के दो और कोषाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, चुनाव पांच मई को

### नामांकन पत्रों की जांच आज, नाम वापसी 17 और 18 अप्रैल

**रामगढ़।** कुशवाहा विकास समिति सह कुशवाहा भवन के सत्र 2024-26 के पदाधिकारियों का चुनाव पांच मई को होना है। चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन रविवार को अध्यक्ष पद पर शिवचंद प्रसाद उर्फ शिवा, रमेश प्रसाद कुशवाहा और जगरनाथ महतो उर्फ विक्रम प्रसाद कुशवाहा, सचिव पद पर टी सी बॉबी और विक्की कुमार के अलावे कोषाध्यक्ष पद पर भीम प्रसाद कुशवाहा और अनिल कुमार ने अपना नामांकन किया है। चुनाव की



जानकारी देते हुए चुनाव प्रभारी घनश्याम महतो, बलराम प्रसाद कुशवाहा, तुलसी प्रसाद कुशवाहा, उमेश चंद्र और रविकांत कुशवाहा के अलावे सहयोगी भोलानंद प्रसाद, राजकुमार कुशवाहा और जानकी महतो ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 15और 16 अप्रैल और नामवापसी 17 और 18 अप्रैल को होगी। चुनाव में कुशवाहा विकास समिति के केवल आजीवन सदस्य ही भाग ले सकते हैं। वर्तमान में आजीवन सदस्यों की संख्या 175 है। नामांकन वापस लेने पर प्रत्याशियों को नामांकन शुल्क वापस कर दिया जाएगा। वहीं पांच मई को चुनाव के बाद मतों की गिनती के साथ ही चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।

## नमामि गंगे के तहत सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण पर लगा ग्रहण, ग्रामीण कर रहे विरोध

**रामगढ़।** दामोदर नदी को प्रदूषण से बचने के लिए शहर के गंदे पानी को फिल्टर किया जाना था। नमामि गंगे योजना के तहत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की योजना जुडको द्वारा पारित की गई थी। लेकिन अब इस योजना पर ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों के विरोध के कारण निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा आवंटित जमीन पर ग्रामीण दावेदारी कर रहे है। जानकारी के अनुसार नालों के प्रदूषित पानी को दामोदर में सीधे तौर पर गिरने से रोकने के लिए यह योजना बनी थी। नदी के दोनों किनारों पर इंटरसेप्शन व डायवर्सन विधि से गंदे पानी को रोक कर पाइप लाइन द्वारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में ले जाकर शुद्धिकरण करने के बाद दामोदर में वापस छोड़ने की योजना है। इसका काम इनविरो इंफ्रा इंजीनियरिंग कर रही है। दो साल यानी दिसंबर 2025 तक पूरा करना है। इस योजना के तहत शहर के नालियों के पानी से प्रदूषित हो रहे दामोदर का पानी शुद्ध हो जाएगा। एजेंसी को दामोदर के दोनों छोर पर 21 इंटरसेप्शन व डायवर्सन का कार्य करना है। बीच में दोनों किनारो पर चार पंपिंग स्टेशन भी बनेगा। दामोदर के डाउनस्ट्रीम में एक 23 एमएलडी का सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट गोबरदाहा चट्टान महादेव मंदिर व दूसरा 17 एमएलडी का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सुगिया में प्रस्तावित है। दोनों सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए रामगढ़ एसडीओ व अंचल अधिकारी द्वारा जमीन का आवंटन भी जुडको को कर दिया है। हालांकि ग्रामीणों के विरोध के कारण तीन माह से अभी तक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण का शुरू नहीं हो पाया है। कार्य कर रही एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर रणधीर मिश्रा ने बताया कि अभी तक हमें उक्त दोनों ही स्थान पर जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया है। इसको लेकर उन्होंने मांडू व रामगढ़ के सीओ को पत्र लिखकर आवंटित जमीन पर कार्य शुरू कराने का अनुरोध किया था। इसके बाद रामगढ़ अंचल के अमीन व कर्मचारी 23 एमएलडी गोबरदरहा जमीन की चौहदी बांटने आए तो ग्रामीणों ने ट्रीटमेंट प्लांट को कहीं और स्थानांतरित करने की बात कही। इसके बाद सीओ मांडू के निर्देश पर अमीन और कर्मचारी सुगिया में जमीन आवंटन के लिए गए। वहां भी ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद वापस आ गए। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों ही स्थान पर जमीन सरकारी रिकार्ड में गैरमजरूआ है। लेकिन प्रशासन दोनों ही स्थान पर कार्य शुरू करवाने में अभी तक असफल है। दोनों ही स्थान पर कुछ जमीन माफियाओं द्वारा महिलाओं को आगे कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर रही हैं। मामले को लेकर गोबरदरहा में एसडीओ, एसडीपीओ व सीओ द्वारा ग्रामीणों को समझाने का भी प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण इसे मानने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कार्य के लिए डिजाइन ड्राइंग का कार्य भी पूरा कर लिया गया है, पर अभी तक जमीन पर कब्जा नहीं मिलने के वजह से कार्य धरातल पर शुरू नहीं हो पाया है।

## भाजपा हजारीबाग प्रत्याशी मनीष जसवाल को जीतने के लिए भाजपाइयों ने की बैठक, बनाई रणनीति

**कुजू।** भारतीय जनता पार्टी मांडू विधानसभा चुनाव संचालन समिति एवं विधानसभा प्रबंधन समिति की एक बैठक बोंगाबार स्थित जेपी रेस्टोरेंट के सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता और संचालन मांडू विधानसभा सहसंयोजक एवं जिला महामंत्री खिरोधर साहू ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी विशिष्ट तिथि प्रदेश के महामंत्री सह राजसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, लोकसभा चुनाव प्रभारी शशि भूषण भगत मौजूद थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष व सचिव केंद्र के संयोजक के साथ बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख के साथ बैठक कर करें और सभी वोटरों से मिलकर भाजपा के कार्यकाल में की गई उपलब्धि को बताएं। ताकि पिछले चुनाव से 10% ज्यादा वोट भाजपा को मिले। इसकी तैयारी में अभी से लग जाए। वहीं वियशिष्ट अतिथि आदित्य प्रसाद साहू ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि सभी कार्यकताओं से बूथ स्तर पर वोट के दिन एक-एक वोट कमल फूल छाप पर देने के लिए लोगों को घर घर जाकर बताएं। वहीं लोकसभा चुनाव प्रभारी शशि भूषण भगत ने कहा कि मांडू विधानसभा के सभी कार्यकर्ता सजग हैं। इसलिए इस बार हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी मनीष जयसवाल को 5 लाख वोटो से जीत दिलाने का काम करेंगे। इधर कार्यक्रम को मांडू विधानसभा संयोजक रंजीत कुमार सिन्हा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह आदि ने भी संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी को जिताने की बात कही। मौके पर टुन्नू गोप, कुण्टू बाबू, प्रकाश मिश्रा, पुरुषोत्तम पांडेय, बलराम महतो, जगेश्वर प्रजापति, राजेंद्र कुशवाहा उर्फ राजू, किरण देवी, तोकेश सिंह, मनोज गिरी, संजय शाह, वकील महतो, गिरधारी महतो, राजेश कुमार, खुशीलाल महतो, कैलाश सिंह, नारायण महतो, सर्वेश सिंह, खोखा सिंह, वीणा मिश्रा, पंकज शाहा, मिथिलेश पाठक, नमिता सिंह, आशा राय, अशोक कुमार, रवि मिश्रा, शंकर करमाली, सुनील साहू, दिनेश्वर साहू, अजय सिंह, श्रवण सिंह, रीमा कुमारी, मनोहर गुप्ता, अरविंद प्रसाद, बसंत प्रजापति, वसुद्ध तिवारी, डॉ रामसेवक महतो, मुरारी सिंह, राजदीप प्रसाद आदि मौजूद थे।

## भाजपा भुरकुंडा मंडल ने मनाया बाबा साहेब की जयंती



**भुरकुंडा।** भाजपा भुरकुंडा मंडल ने रविवार को भुरकुंडा अम्बेडकर स्थल में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई। इस दौरान भाजपाइयों ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। मौके पर वक्ताओं ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग में चलने का आह्वान किया। मौके पर मंडलाध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, सत्येंद्र नारायण सिंह, अमरेश सिंह, अजय पासवान, बाबूलाल नायक, राजन पांडेय, देव कुमार सिंह, ज्योति बाला, गीता श्रीवास्तव, अनिता राय, सुभाष दास सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।

## फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गया जेल

**भुरकुंडा।** हिन्दू देवताओं के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में मस्जिद कॉलोनी शास्त्री चौक निवासी एक व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार ने शास्त्री चौक भुरकुंडा मस्जिद कॉलोनी निवासी मो रिजवान पर फेसबुक में एक बंदर के फोटो को झुका हुआ पोस्ट किया गया। पोस्ट में लिखा गया कि बजरंग बली ने इस्लाम कुबुल किया। इसके साथ ही पंडित



धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ भी गलत पोस्ट किया गया है। उक्त व्यक्ति बार बार ऐसे भडकाउ पोस्ट करता है। जिससे सामाजिक सौहार्द बिगडने की संभावना है। जबकि कुछ दिन बाद ही रामनवमी का पर्व आने वाला है। ऐसे पोस्ट से समाज में गलत संदेश जायेगा। शिकायत पर कारवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी पर कांड संख्या 97/24 आइपीसी और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया अशांति फैलाने का प्रयास, पुलिस प्रशासन की सजगता ने स्थिति को किया नियंत्रित

▶▶ पुलिस ने एसडीएम के नेतृत्व में निकाला फ्लैग मार्च, लोगों से किया शांति बनाए रखने की अपील ▶▶ ग्रामीणों ने असामाजिक तत्वों को किया गिरफ्तार करने की मांग

**कुजू।** रामनवमी पर्व को लेकर असामाजिक तत्वों द्वारा अशांति फैलाने के प्रयास किया गया। घटना कुजू ओपी क्षेत्र के दिगवार चौक की है। जहां रामनवमी पूजा समिति द्वारा लगाए गए तोरणद्वार में शनिवार की देर रात कुछ असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। जिससे तोरणद्वार एक तरफ से लगभग आधा जल गया। यह देख रविवार की अहले सुबह दिगवार रामनवमी पूजा समिति सहित आसपास के ग्रामीण आक्रोशित हो गए। जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन सजग हो गई। कोई अप्रिय घटना न घटे इसको लेकर तत्काल पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालते हुए सामान्य बनाया। रामगढ़ एसडीएम आशीष गंगवार सहित एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र कुमार राम, माण्डू सीओ एम मंसूरी, माण्डू बीडीओ संजय कोनगाडी, इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय, बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार,



मांडू थाना प्रभारी रंजीत यादव सहित व्रजवाहन एवं भारी संख्या में सशस्त्र बल मौके पर पहुंचे। एसडीएम आशीष गंगवार ने आक्रोशित लोगों को समझाते हुए संयम बरतने की सलाह दी। साथ ही दिगवार चौक पर आपातकालीन बैठक की। इस दौरान ग्रामीणों ने असामाजिक तत्वों की यथाशीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। ताकि क्षेत्र में शांति और भाईचारा का माहौल कायम हो सके। जिस पर एसडीओ ने घटना की पुरजोर निंदा करते हुए कहा कि चुनावी माहौल एवं रामनवमी पूजा के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों की खैर नहीं है। उन्हें हर हाल में चिह्नित करते हुए गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को संयम रखने की बात कहते हुए लोगों से घटना में संयुक्त



असामाजिक तत्वों के नाम बताने वालो की पहचान गुप्त रखने का आश्वासन दिया।

### पुलिस ने तोरणद्वार में लगे जले कपड़े को किया जब्त, सीसीटीवी फुटेज खंगाला

एसडीएम आशीष गंगवार की अगुवाई में दिगवार में भारी पुलिस बल की मौजूदगी के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। जहां एसडीएम ने भ्रमण के दौरान लोगों से क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की। इधर कुजू पुलिस ने तोरणद्वार के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला। साथ ही, जले कपड़े को जब्त कर ओपी परिसर ले आई। इधर रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष डॉ रोहन लाल ने इस मामले को लेकर पुलिस को लिखित आवेदन देते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस द्वारा निकले गये फ्लैग मार्च के बाद क्षेत्र में माहौल शांतिपूर्ण बना हुआ है।

# संविधान की रक्षा करना ही डॉ0 अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि : दिनेश रविदास




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**चंदवारा** - बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर चन्दवारा प्रखंड के बिरसोडीह पंचायत के अंतर्गत गारा गड़गी में दलित शोषण मुक्ति मंच के बैनर तले धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम अम्बेडकर और बाबा चौहरमल के चित्र पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय दास ने किया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए डीएसएमएम के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास ने कहा कि जाति उन्मूलन चाहने वाले दलित मुक्ति के लिए पूंजीवाद और जातिगत भेदभाव के खिलाफ वैचारिक संघर्ष को जरूरी मानने वाले क्रांतिकारी समाज सुधारक संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर एक महामानव थे। आज जिन बच्चों के हांथों में किताब और कलम होना चाहिए, उनके हांथों में तलवार थमाया जा रहा है. आज धर्मनिरपेक्षता और संविधान की रक्षा करना ही डॉ0 भीमराव अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगा. सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर नफरत बांटा जा रहा है और समाज को विभाजित किया जा रहा है। आमलोगों की मूलभूत समस्या महंगाई, बेरोजगारी से ध्यान भटकाया जा रहा है। निजीकरण के रास्ते आरक्षण को समाप्त करने की साजिश की जा रही है. जिला में दलितों के उपर अत्याचार लगातार बढ़ रहा है। जिसके खिलाफ हम सब को एकजुट होना होगा. सभा को दुर्गा राम, मनोज दास, अजय दास, सिकंदर पासवान, सुरेन्द्र पासवान, वार्ड सदस्य सरिता देवी, पंकज दास आदि ने सम्बोधित किया. गोपाल पासवान, राजू पासवान, कंचन देवी, उर्मिला देवी, इन्द्रदेव पासवान, बिरेन्द्र पासवान, भूवनेश्वर पासवान, रमेश दास, नन्कु दास, पिंटु दास, शंकर दास सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलायें मौजूद थी।

## भारतीय जनता पार्टी ने डॉ0 अम्बेडकर की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनाया



**डोमचांच** – भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर डोमचांच प्रखंड में सभी जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारतीय जनता पार्टी मंच के बैनर तले डोमचांच एमआर मार्केट में बाबा साहेब की प्रतीमा पर माल्यार्पण किया गया. जहां बाबा साहेब अमर रहे, भारत का संविधान जिन्दाबाद, संविधान व लोकतंत्र पर हमला बंद करो, धर्मनिरपेक्ष भारत की रक्षा करो आदि गगन भेदी नारे लगाए गए जितेंद्र कुमार रजक के अध्यक्षता में राजेश सिंह, कार्तिक दास , भरत नारायण मेहता, प्रभाकर लाल रावत,मनोज मेहता,संजय मेहता, ने कहा कि समाज में समरसता के लिए धर्मनिरपेक्ष समाज की रक्षा करना डॉ0 अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी. बाबा साहेब के मूल सिद्धांत शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो के रास्ते पर चलने का आह्वान किया. इस अवसर पर पर सुनील सिन्हा, महेश वर्मा,ने शिक्षित बनो का संदेश और डोमचांच के सभी बूथ में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के कार्यक्रम को मानने के लिए कहा कार्यकर्म में परमेश्वर यादव,मनोज मेहता,कुलदीप राम सुरेंद्र यादव,प्रमांशु कुमार आदि मौजूद थे।

## दलित शोषण मुक्ति मंच ने डॉ0 अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाया




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** - भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर जिले में जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। दलित शोषण मुक्ति मंच के बैनर तले परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के समीप अम्बेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतीमा पर माल्यार्पण किया गया. जहां बाबा साहेब अमर रहे, भारत का संविधान जिन्दाबाद, संविधान व लोकतंत्र पर हमला बंद करो, धर्मनिरपेक्ष भारत की रक्षा करो आदि गगनभेदी नारे लगाए जा रहे थे. इस अवसर पर दलित शोषण मुक्ति मंच के संयुक्त सचिव संजय कुमार दास की अध्यक्षता में हुए सभा को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि समाज में समरसता के लिए धर्मनिरपेक्ष समाज की रक्षा करना डॉ0 अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी. बाबा साहेब के मूल सिद्धांत शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो के रास्ते पर चलने का आह्वान किया. इस अवसर पर पर वार्ड पार्षद रिया राज और अमित अनुराग ने शिक्षित बनो का संदेश जन जन तक पहुंचाने के लिए सभी के बीच कॉपी और कलम का वितरण किया. कार्यक्रम में राहुल कुमार, बिरेन्द्र पासवान, बाबूलाल पासवान, डालेश्वर राम, लखन राम, सहदेव दास, कृष्णा पासवान, विक्की कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद अशोक यादव, भगवान दास, रंजन कुमार दास, सुंदर कुमार आदि मौजूद थे.



## रजक कल्याण समिति के तत्वाधान में डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती आयोजित

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा**– रजक कल्याण समिति, लोचनपुर, कोडरमा के तत्वाधान में संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभ आरंभ अध्यक्ष अर्जुन रजक के द्वारा बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए आरंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति के सचिव दिनेश कुमार के द्वारा बाबा साहब अपने पूरे जीवन समाज में जातिवाद एवं उसे उत्पन्न भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किये। उन्हें भारत के संविधान के जनक के रूप में माना जाता है ,क्योंकि उन्होंने भारत के स्वतंत्रता के बाद एक लिखित संविधान का निर्माण किए। बाबा साहब के अनुसार जो व्यक्ति अपने अधिकार से वंचित है वह समाज से भी वंचित है। समिति के सचिव श्री कुमार के द्वारा बाबा साहब के द्वारा दिए गए नरा शिक्षित बनो , संगठित रहो,संघर्ष करो पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया ।कार्यक्रम के दौरान समिति के अध्यक्ष अर्जुन रजक संबोधित करते हुए कहे की बाबा साहब ने एक ऐसा संविधान का निर्माण किए जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों को समान अधिकार प्राप्त है। कार्यक्रम में रूपेश कुमार रजक,विकास कुमार, मोतीलाल ,पंकज कुमार, चुरामन रजक, सुनील कुमार ,कालीचरण रजक, अशोक धोबी,नारायण धोबी, सूर्यकांत रजक ,अंकित कुमार ,मंजू कुमारी आदि अन्य लोगों के द्वारा बाबा साहब की विचारों का विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। तत्पश्चात बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके द्वारा दिए गए आदर्श विचारों पर समाज को आगे बढ़ने का बात कही गई।

## ध्वजाधारी आश्रम में रामनवमी महासमिति एवम विभिन्न अखाड़ा समितियों के साथ बैठक संपन्न



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

कोडरमा रामनवमी महासमिति एवं विभिन्न अखाड़ों के प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता मनोज कु झुन्नू ने किया विषय प्रवेश अजय पांडेय जबकि संचालन प्रवीण चंद्रा ने किया बैठक में रामनवमी के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई । रामनवमी के मौके पर कोडरमा के विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा निकाली गई झांकियां इस वर्ष आकर्षण की मुख्य केंद्र होंगी प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी विभिन्न अखाड़ों के द्वारा भव्य जुलूस तथा सुंदर झांकियों निकाली जाएगी , जहां महावीरी झंडा मिलान को लेकर विभिन्न अखाड़ों से हजारों की संख्या में लोग विशाल जुलूस एवं भव्य झांकियों के साथ गांधी चौक स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचेगे जहां पुष्पवर्षा करते हुए उनका अभिनंदन किया जाएगा। उपरांत संध्या 6¬00 बजे आयोजित शौर्य प्रतियोगिता के आयोजन की रंगारंग शुरुआत होगी

कार्यक्रम समापन के पूर्व निर्णायक मंडली के द्वारा शौर्य प्रदर्शन बेहतर प्रदर्शन करनेवाले विभिन्न प्रतिभागियो को शील्ड एवम मेडल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। बैठक के दौरान उपस्थित जनों ने एक स्वर में कहा कि हम प्रभु श्री राम के आदर्शों पर चलने वाले लोग हैं जो आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है द्य आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करते हुए इसकी आन बान और शान को अक्षुण्ण रखेंगे

मौके पर महासमिति के उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, राजेश सिंह ÷राजू अजीत वर्णवाल, सचिव प्रवीण पांडेय, महेश भारती, चंद्रवंशी दीपक नवीन,राजा सिंह, जयप्रकाश राम,आदित्य पांडेय,अक्षय वर्णवाल, गोपाल यादव, अरुण सिन्हा मुनेश्वर राम, सत्येंद्र सिंह,विनोद यादव, दिनकर कृष्णा, बादल सिंह,अजय यादव महावीर यादव, ईश्वर साही,महेंद्र साव, विक्की सिन्हा, राजेश कु रजक,विजय सद्यहनी, बद्यलदेव साव,अमरदीप गिरी,संजय पासवान, महेश सिंह,राजू यादव, अर्जुन रजक नंदलाल दास जवाहर भुइयां, रामलखन यादव समेत विभिन्न अखाड़ों के लाइसेंसधारी एवम सदस्य शामिल हुए द्य

## कोडरमा थर्मल पावर प्लांट में अंबेडकर जयंती मनाई गई




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

जयनगर।दामोदर वैली कारपोरेशन के अंतर्गत कोडरमा ताप विद्युत केंद्र में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। मौके पर बांझेडीह पावर प्लांट के अधिकारियों के द्वारा अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह तथा डीजीएम प्रशासनिक विनोद कुमार राय के द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डाला गया एवं बताया गया कि भीमराव अंबेडकर ने भारत को एक ऐसा संविधान दिया जो विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान बना। इसके तहत देश की गतिविधियों का संचालन किया जाता है। प्रतिभा संपन्न होने के कारण इन्होंने विभिन्न तरह के आंदोलन में भाग लिया और छुआछूत जैसे कुप्रथा को समाप्त किया। मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## परसाबाद मंडल के अंतर्गत डंडाडीह पंचायत में बूथ संयोजक के साथ बैठक संपन्न



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता** जयनगर भारतीय जनता पार्टी परसाबाद मंडल के अंतर्गत डंडाडीह पंचायत में बुथसंयोजक एवं बुथ अध्यक्षों की बैठक विजय कुमार राना मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि केदारनाथ यादव बरकट्ठा विधानसभा के सहसंयोजक उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने बताएं भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ता भाजपा की रीड है। हम सभी कार्यकर्ता बूथ में लाभार्थियों से मिलकर माननीय नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से विजय दिलाने का गुरूर दिए। उन्होंने बताया नरेंद्र मोदी का आवाहन है अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीब लोगों के कल्याण हेतु अनेक योजना चलाई हैं जिसमें उज्जवला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण ,कोरोना महामारी का टीकाकरण, गरीबों को मुफ्त अनाज ,आयुष्मान कार्ड ऐसे हजारों योजनाओं का संचालन गरीबों के लिए किया गया है। मौके पर विजय कुमार पंडित सांसद प्रतिनिधि, मंडल उपाध्यक्ष महावीर यादव, पंचायत संयोजक खीरु साव, मुंशी साव, कौशल यादव, विक्की यादव, अर्जुन चौधरी ,विदेशी रविदास, दुखी चौधरी, मनीष पांडेय, बसंत पांडेय, गजेंद्र राना,होरिल यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के द्वारा अंबेडकर जयंती आयोजित

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी** तिलैया बायपास रोड अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के द्वारा अंबेडकर जयंती मनाया गया बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर लोगों ने बारी-बारी से माला अर्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किए वही एक गोष्ठी की गई गोष्ठी की अध्यक्षता दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम ने किया संचालन बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने किया गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अंबेडकर जी का मूल मंत्र है। आज संगठित होने, और नागरिक अधिकारों पर भारी हमले हो रहे हैं । सारे श्रम कानून बदलकर संगठित होने का अधिकार छीने गए है। गोदी, मोदी मीडिया द्वारा सत्य को झूठलाकर, सच्ची शिक्षा के जगह असत्य और भावनाओं को उभारने और समाज में घृणा और नफ़रत फैलाने का धुआंधार प्रचार से जनता को मूर्ख और अशिक्षित बनाने का प्रयास हो रहा है । संघर्षों को कुचलने , किसानों और बेरोजगारों तथा विरोध के आंदोलनों और विचारों को दबाने के लिए सत्ता तंत्र का अंग्रेजों से भी ज्यादा दुरूपयोग किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में अंबेडकर जी के मूल मंत्र की भी रक्षा और उनके विचारों को धरातल पर उतारने का सही मौका है। सत्ता में बैठे संगठन विरोधी, संविधान विरोधी, जनतंत्र विरोधी, नागरिक अधिकार विरोधी और अंबेडकर जी के लिखे गए संविधान के विरोधी मोदी मंडली को 2024 के चुनाव में सत्ता से उखाड़ फेंका जाए।

## सीटू ने जयंती पर संविधान निर्माता डॉ0अम्बेडकर को किया याद



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** – सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। महावीर मुहल्ला में जयंती पर बाबा साहेब के चित्र माल्यार्पण करते हुए सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि बाबा साहेब ने भारत का संविधान बनाने के समय मजदूर वर्ग को ध्यान में रखा। सभी दलित आदिवासी, पिछड़े व दबे कुचले गरीबों के साथ साथ महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिया। आज संविधान के साथ छेड़छाड़ की कोशिश की जा रही है और गरीबों के अधिकार को छीना जा रहा है। इसलिए भारत का संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हम सब को एकजुट होना होगा। इस अवसर पर सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, आंगनबाड़ी सेविका रेखा कुमारी, सौरभ पासवान, अभिषेक कुमार, सुरज कुमार, सौरभ सागर, अभिषेक पासवान, शिवानी पासवान, अभिषेक पासवान, चाहत कुमारी, नैतिक कुमार आदि मौजूद थे।

# डॉ. अम्बेडकर जन्म दिवस पर बाइक रैली का आयोजन




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

मरकच्चो सतगुरू रविदास बेगमपुरा चेरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के तत्वाधन में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को वरिष्ठ समाजसेवी वकील अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मरकच्चो काली मंडा से बंधन चौक,मरकच्चो बाजार, शाहगंज, बड़ा अखाड़ा होते हुए ब्लॉक चौक मरकच्चो में सभा संबोधित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश दास,विदेशी दास, खलील अंसारी, नागेश्वर दास, किसुन दास, बलदेव दास, अशोक कुमार दास, मनोज पासवान, विजय कुमार दास, विजय दास, आलोक कुमार दास, राजेश रविदास आदि ने ने डॉ. अम्बेडकर की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किए। कार्यक्रम एवं बाइक रैली में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता वकील अंसारी ने अपने संबोधन में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की जीवन संघर्ष एवं सामाजिक योगदान पर अपनी विचार प्रस्तुत करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने हेतू संकलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विदेशी दास ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर हमारे पथप्रदर्शक हैं हमें उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यक्ता है। विशिष्ठ अतिथि जगदीश दास, पुर्व मुखिया अशोक कुमार दास एवं अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन झारखंड प्रदेश प्रभारी सुरेंद्र रविदास ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के जीवनी एवं वर्तमान सामाजिक स्थिति से अवगत कराया। मुख्य वक्ता मो. खलील अंसारी, राजेश रविदास, किसून दास , बलदेव दास शिक्षक एवं आलोक कुमार दास ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की शैक्षिक एवं राजनैतिक दर्शन पर प्रकाश डाले। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील दास, बसंत पासवान, विवेक दास, महेंद्र दास, अमित कुमार दास,महेश दास, दिनेश दास शिक्षक, सतदेव दास शिक्षक, बिनोद दास शिक्षक,उमेश दास, अजय दास, लाडला वारिस, कृष्णा दास, विक्की कुमार, संजय दास, तुलसी दास, बिनोद साव, प्रदीप राम, मिन्हाज अंसारी आदि अपनी उपस्थिति दर्ज किए। कार्यक्रम का सुत्र संचालन ट्रस्ट के चैयरमैन सह सहायक प्राध्यापक अनिल रविदास ने किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्ट सचिव एडवोकेट विजय कुमार दास ने किया।

# मतदान की अनिवार्यता और लोकतंत्र की दृढ़ता




प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे

मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। मतदान राजनेताओं को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाए रखने में मदद करता है और हमारे लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है

सबको करना चाहिए, निश्चित ही मतदान।
लोकतंत्र मजबूत हो,बढ़े लोक की शान।।

मतदान नागरिकों को नागरिकता के महत्व का एहसास करने में भी मदद करता है। बहुत से लोग यह सोचते हुए वोट नहीं करते कि एक वोट से कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन जैसा कि यह तथ्य है। एक राष्ट्र की राजनीतिक नींव का उपयोग चुनावों के लिए किया जाता है। मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है जो एक देश की सरकारी प्रणाली को बनाती है। यह नागरिकों को अपनी सरकार चुनने में सक्षम बनाता है। यह लोगों को सरकार में अपने प्रतिनिधि चुनने की भी अनुमति देता है। प्रत्येक सरकार का उद्देश्य अपने नागरिकों के लाभ के लिए विभिन्न नीतियों का विकास और कार्यान्वयन करना है। यह मुद्दों और स्पष्टीकरण के बारे में सरकार से सवाल करने के अधिकार वाले व्यक्ति को भी सक्षम बनाता है। मतदान एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में एक नागरिक की राय व्यक्त करने का तरीका है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सक्रिय करने के लिए मतदान बहुत महत्वपूर्ण होता है। मतदान नागरिक का अधिकार है, साथ ही यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकारें बदल सकती हैं, देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है। मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश का शासन करते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें।



बहुत से लोग मतदान करना चाहते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को इसकी आवश्यकता और इसे डालने के तरीके के बारे में जानकारी नहीं होती है। यहीं पर मतदान जागरूकता काम आती है। मतदान जागरूकता का विचार लोगों को मतदान के महत्व को समझने में मदद करना है। मतदाताओं के लिए अपनी सरकार को नियंत्रित करने के लिए मतदान एक महत्वपूर्ण तरीका है। यह नागरिकों के लिए मतदान के बारे में जागरूकता बढ़ाकर यह व्यक्त करने का एक तरीका है कि वे अपने नेताओं से क्या चाहते हैं। इससे बेहतर शासन मिलेगा और हर कोई चाहता है - एक ऐसा लोकतंत्र जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रतिनिधित्वपूर्ण हो। मतदान से नागरिकों को अपनी सरकार में अधिक शामिल होने और उसे जवाबदेह बनाए रखने में मदद मिलती है। मतदान करने के लिए, आपको विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। मतदान के अलावा, कुछ कानून भी हैं जो दुनिया भर में निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करते हैं।

मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है और लोगों के लिए अपनी बात रखना जरूरी है। सभी को वोट देने का अधिकार है, जिसका अर्थ है कि सभी भारतीय अपनी पसंद के प्रधान मंत्री के लिए वोट कर सकते हैं। मतदान करके, आप बदलाव ला सकते हैं और अपने समुदाय में बदलाव ला सकते हैं। मतदान करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आप किसी कानून को तभी निरस्त कर सकते हैं जब अधिकांश नागरिक उससे सहमत हों। मतदान अपनी सरकार के साथ अधिक नागरिक रूप से जुड़ने का एक तरीका है। अपनी आवाज सुनकर और उन लोगों के विचारों का प्रतिनिधित्व करके दुनिया में बदलाव लाना महत्वपूर्ण है जिनके पास कोई आवाज नहीं है। यदि आप बदलाव लाना चाहते हैं तो मतदान एक बेहतरीन तरीका है। चुनाव में मतदान करने से नागरिकों को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि देश को बेहतर अधिकार और सुरक्षा प्रदान की जाती है।

मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। मतदान राजनेताओं को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाए रखने में मदद करता है और हमारे लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है


मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार दे सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारा देश किस दिशा में बढ़े। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तरह की सरकार हो। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का सही उपयोग करें। इसी को नैतिक मतदान करना कहा जाता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य, ज़िला, तहसील व खंड स्तर पर व्यापक रूप में मतदाता जागरुकता (स्वीप)अभियान के माध्यम से जागरुकता लाई जा रही है। मेरे महाविद्यालय में भी प्राचार्य के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी व इलेक्ट्रल लिटरेसी क्लब के माध्यम से अनेक गतिविधियों द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने की सतत कोशिशें हो रही हैं। यह यथार्थ है कि मतदान का प्रतिशत जितना अधिक होगा, लोकतंत्र उतना ही अधिक मजबूत होगा।

लोकतंत्र हमसे कहे,हो नैतिक मतदान।
अंधकार सब दूर हो,जनता का हो मान।।

## संपादकीय

# हाईकोर्ट के बेबाक फैसले से सबसे मुश्किल विपक्ष

अरविंद केजरीवाल मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के बेबाक फैसले ने कई भ्रमों को दूर कर दिया है। यही कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करना गलत है। इसलिए कि वह झूठे तथ्यों और डराए गए गवाहों से बलात लिए बयानों पर आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली सरकार को जमींदोज के इरादे से रची गई साजिश के तहत है। यह आम चुनाव में भागीदारी के समान अवसर के अधिकार से वंचित करना है। इनके पीछे केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार है, जिसके इशारे पर ईडी काम कर रहा है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 25 मिनट तक पढ़े गए अपने फैसले में केजरीवाल की याचिका के सभी मुद्दों को बिंदुवार स्पष्ट किया है। फैसले के मुताबिक उनकी गिरफ्तारी नियमतः और साक्ष्य-आधारित है। रिमांड जायज है। ईडी के आठ-आठ समनों के बाद भी पूछताछ में न आना और पर्याप्त सबूत भी हों तो गिरफ्तारी लाजिमी है। इसमें हैसियत के हिसाब से फेरबदल नहीं किया जा सकता। दिल्ली के मुख्यमंत्री कीआबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के करोड़ों रुपये के मामले में प्रमाणित संलिप्तता रही है। वे इससे व्यक्तिगत रूप से और बतौर आप संयोजक जुड़े रहे हैं। इसकी पुष्टि ईडी के समक्ष नहीं, बल्कि अदालत में धारा 164 के तहत गवाहों के बयानात से भी होती है। हालांकि आप नेता इन्हें ईडी का गढ़ा मान रहे हैं। उनका यह रवैया जनता को तथ्यों से गुमराह करने वाला है, चुनावी मौसम में वह चाहे जितना सही हो। यह अदालत की मान्यता के भी विरुद्ध है। हालांकि उच्च न्यायालय ने इन गवाहों से आगे मुकदमे की सुनवाई के दौरान केजरीवाल के बहस के हक को नकारा नहीं है। न्यायालय का यह स्पष्टीकरण महत्त्वपूर्ण है कि यह मामला केंद्र नहीं बल्कि ईडी बनाम अरविंद केजरीवाल का है। यह कोई राजनीतिक नहीं, सीधे-सीधे भ्रष्टाचार का मामला है। इसके आरोपित को जांच के तरीके तय करने या इसमें कोई सुविधा मांगने का हक नहीं है। उसे एक आम नागरिक की तरह ही लड़ाई लड ?ी होगी। इस फैसले ने मुख्यमंत्री को पैदल कर दिया है। उन्हें सहानुभूति पाने के लिए नया तर्क गढ ?ा होगा। केजरीवाल की सबसे बड़ी चुनौती न्यायालय के इस आकलन को गलत ठहराने की होगी, जो ईडी से सहमत है कि आप एक पार्टी नहीं, बल्कि कंपनी की तरह है और वे खुद निदेशक की तरह काम करते हैं। उनके लिए फैसले का यह सबसे मुश्किल विपक्ष है। केजरीवाल अब सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष हैं, जहां इन टिप्पणियों पर भी गौर किया जाएगा।



## चिंतन-मनन

# वीरत्व की अलंकृति है क्षमा


क्षमा वीरत्व की अलंकृति है। दुर्बल और विवश व्यक्ति द्वारा उद्गीत क्षमा का माहात्म्य उतना प्रखर नहीं हो सकता। ज्ञान की स्फुरणा में मौन की सार्थकता है। शक्ति-संपन्नता में क्षमा की सार्थकता है और त्याग-भावना में आत्मगोपन या अप्रशस्ति की सार्थकता है। शक्ति के अभाव में स्वीकृत का कवच व्यक्ति को कई अवांछनीय परिस्थितियों से त्राण तो दे सकता है, पर उससे क्षमा का वर्चस्व धुंधला हो जाता है। मन के प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न होने पर संभावित प्रोध को शांति से प्रतिहत करने वाला व्यक्ति अपनी क्षमा को तेजस्वी बनाता है।

क्षमा के स्वरूप और उसकी क्रियान्विति के संबंध में कोई निश्चित सिद्धांत नहीं बन सकता। अपराध करने वलों और क्षमाशील रहने वालों की अनेक भूमिकाएं हैं। एक मुनि, अपराधी व्यक्ति को क्षमा नहीं करता है तो उसका मुनित्व संदिग्ध हो जाता है। भगवान महावीर के साधना काल में कितनी बार प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा की गई, पर महावीर का महावीरत्व उनकी क्षमाशीलता में ही पल्लवित हुआ।

राजधर्म क्षमा को ऐकांतिक महत्व नहीं देता। दुष्ट व्यक्ति को दंडित करना राजधर्म के अनुसार विहित है। दंडनीय को दंड न देना राजधर्म का लोप माना जाता है। इससे अराजकता को प्रोत्साहन मिलता है और अपराधी तत्व निरंकुश हो जाते हैं। दंडसंहिता की सारी धाराएं अपराधों का प्रतिकार करने के लिए हैं।

समाज के साथ अपराध और अपराधों के साथ दंड-पद्धति का सृजन स्वाभाविक माना जाता है। किंतु यह लोक-व्यवस्था या राज्य-व्यवस्था का सिद्धांत है। अध्यात्म की भूमिका इससे भिन्न है। इसमें अपराधी व्यक्ति स्वयं अपराध-शोधन के लिए प्रायश्चित स्वीकार करता है। अपराधी को बलात दंडित करने या उसके प्रति प्रोध प्रदर्शित करने की बात क्षमा-धर्म द्वारा संभव नहीं है। साधना के पथ पर अग्रसर साधकों के लिए क्षमा के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही नहीं हैं। क्षमा का प्रभाव अप्रतिहत होता है, पर क्षमा-धर्म की साधना है बहुत कठिन।

# आजाद के बाद गुमनाम हुए आजाद



संजय गोस्वामी



आजादी दिलाने में जितने भी स्वतंत्रता सेनानी हैं उन्हें नमन करना जरुरी है क्योंकि वह खुद के लिए नहीं भारत माता की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी है , भारत को आजादी दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की ऐसी घटना सामने आती है जो गुमनाम हो गए जो देश के आदर्शो पर अपने प्राण कम उम्र में खुद ही लेकर शहीद हो गए । लेकिन जानकारी के अभाव में अक्सर लोग भूल जाते हैं लेकिन देशभक्त जो शहीद हो जाते हैं वो भी खुद गोली अपने सर में चलाकर इतना बड़ा देशप्रेम में कई चेहरे हैं जो पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किया गया ना ही उसपर किसी राजनेता का ध्यान गया अब गुमनाम-सा हो रहें हैं क्योंकि कोई भी राजनीति पार्टी को देश के शहीदों को भी अपने हिसाब से याद करते हैं ऐ पुरानी राजनीती परंपरा को बदलने की आवश्यकता है आज से करीब 93साल पहले 27 फरवरी 1931 को, प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेजों से लड़ते हुए वह शहीद हो गए थे। आज भी लोग आजाद का नाम बहुत सम्मान से लिया करते हैं।चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भावरा गाँव में हुआ था। उनका पूरा नाम चंद्रशेखर तिवारी था। देश के लिए उनके बलिदान को देखते हुए उनके गाँव का नाम आजादपुरा रख दिया गया है। 1922 में आजाद की मुलाकात राम प्रसाद बिस्मिल से हुई जिसके बाद उनका जीवन ही बदल गया और उन्होंने देश को अंग्रजों से आजाद करवाने की कसम खाई। उनके नाम से अंग्रेजी हुकूमत थर-थर कांपा करती थी।ब्रिटिश सरकार ने एक बार उन्हें बचपन में 15 कोड़ों की सजा दी थी, तब आजाद ने कसम खाई थी कि वह दोबारा पुलिस के हाथ कभी नहीं आएंगे। वह अक्सर गुनगुनाया करते थे।।।दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे।।।आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे। काकोरी कांड में भी जब सभी क्रांतिकारी पकड़े गए थे, तब भी चंद्रशेखर आजाद को कोई नहीं पकड़ सका था। चंद्रशेखर आजाद ने कसम खाई थी कि चाहें कुछ भी हो जाए लेकिन वह जिंदा अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे। इसलिए जब 27 फरवरी 1931 को अंग्रेजों ने इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में उन्हें चारों तरफ से घेर लिया था तो उन्होंने अकेले ही ब्रिटिश सैनिकों से मुकाबला किया। जब उनकी रिवाल्वर में आखिरी गोली बची तो उन्होंने खुद पर ही गोली चला दी, जिससे वह जिंदा न पकड़े जाएँ। आजाद को डर था कि अगर वह जिंदा पकड़े गए तो अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से मिटाने का उनका सपना अधूरा रह जाएगा। दरअसल आजाद अल्फ्रेड पार्क में भगत सिंह को जेल से निकालने समेत कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर अपने साथियों के साथ बैठक कर रहे थे लेकिन तभी उन्हें खबर लगी कि अंग्रेजों ने पार्क को चारों तरफ से घेर लिया है। आजाद ने अंग्रेजों से अकेले ही मुकाबला करते हुए अपने साथियों को पार्क से बाहर निकाल दिया, जिससे भारत की आजादी के लिए बनाई उनकी योजनाओं पर कोई प्रभाव न पड़े। जब उनकी रिवाल्वर में आखिरी गोली बची तो उन्होंने अंग्रेजों के हाथ आने की वजाय खुद के जीवन को खत्म करना चुना और उस आखिरी गोली से अपना जीवन खत्म कर दिया। आज ऐ आलम है कि कुछ गिने चुने कॉलेज और कुछ ही फोटो गूगल में मिलती है जो चिंता का विषय है एक बार प्रयागराज में किसी सामाजिक संस्थान ने चंद्रशेखर आजाद की याद में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ वहाँ लाचारी से मुझे भी जाने का अवसर मिला जहाँ बड़े बड़े कॉलेज के प्रोफेसर थे मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि मेरे पेपर स्वीकार किए जायेंगे वहाँ ऐ मालूम हुआ कि उनके बारे में जानकारी सोशल मीडिया में बहुत ही कम थी और लगभग सभी को बुलाया गया वहाँ के प्रोफेसर ने बताया की उनके बहुत सारे दस्तावेज जो उनके शहीद होने पर थी वो गायब हो गई या हटा दिया गया मैं तो किसी जमाने में देश की आजादी पर बनी एक फिल्म में उनके साहस और दे देशभक्ति का जज्बा देखकर लिखा और अच्छी लगी लेकिन बहुत सारी सोशल मिडिया ने मौन ब्रत धारण कर लिया और कुछ पाठ्यक्रम में जानकारी का अभाव होना शर्मिंदा की बात है स्व चंद्रशेखर आजाद का प्रयाग राज में एक विश्वविद्यालय है और मप्र में एक संग्रहालय है उसके अलावा कहीं कहीं गली का नाम होगा, आनेवाले समय में ऐसे सच्चे देश भक्त अवश्य याद करना चाहिए एक ऐसे देशभक्त जो देश को आजाद कराने के लिए ना तो डरा ना ही झुका को उनकी शहादत पर शत शत नमन, भारत माँ का वीर सपूत कभी मरता नहीं है देश ही उसके लिए सर्वोपरि है इस पर ध्यान देना जरुरी है।

# वैश्विकी : पूर्व से पश्चिम तक संकट में एशिया



डॉ. दिलीप चौबे



जापान के प्रधानमंत्री किशिदा की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान एशिया में अमेरिका और पश्चिमी देशों के सैन्य संगठन नाटो को प्रकारांतर से खुला न्यौता दिया गया। किशिदा ने अमेरिकी संसद को संबोधित करते हुए अमेरिका के विश्व स्तर पर कायम वर्चस्व को बनाए रखने की वकालत की।

उन्होंने अमेरिका की हिमायत में वे सभी बातें कहीं जो वहां के नेताओं और सांसदों के लिए कर्णप्रिय थीं। किशिदा ने अमेरिका के नेतृत्व और नीतियों की इतनी पुरजोर तारीफ की कि पता लगाना मुश्किल हो गया कि अमेरिका ही वह देश था जिसने नागासाकी और हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराए थे। इस हमले के लिए अमेरिका ने कभी जापान से माफी नहीं मांगी। किशिदा जैसे जापानी नेताओं ने मानो यह स्वीकार कर लिया कि परमाणु हमले के लिए हम खुद जिम्मेदार थे।

किशिदा का संबोधन भारत और एशिया के अन्य देशों के लिए समस्या पैदा कर सकता है। सबसे अधिक हैरानी की बात यह है कि उन्होंने चीन के साथ ही रूस पर भी निशाना साधा। उन्होंने दक्षिण चीन सागर और पूर्व एशिया में चीन की आक्रामक गतिविधियों का हवाला देते हुए कहा कि यह क्षेत्र नया यूक्रेन बन सकता है। जाहिर है कि वह अमेरिका के नेताओं से गुहार लगा रहे थे कि वे यूक्रेन युद्ध पर ध्यान देते समय इंडो पेसेफिक देशों को नजरअंदाज न करें। किशिदा ने कहा कि उनका देश रूसी आक्रमण के खिलाफ संघषर्रत यूक्रेन के साथ खड़ा है। किशिदा ने अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की इंडो पेसिफिक में सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। उनके भाषण का यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वह एक ह्यएशियाई नाटोह्न के पक्ष में है।

गौर करने वाली बात होगी कि पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे वर्षो पहले क्वाड के जरिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया को एक मंच पर लाए थे। क्वाड का कोई सैनिक मंसूबा नहीं था, लेकिन किशिदा जिस एशियाई सुरक्षा ढांचे की बात कर रहे हैं, वह अमेरिका के वर्चस्व वाला सैनिक गठबंधन जैसा है। जाहिर है कि भारत किशिदा के इन विचारों और नीतियों से सहमत नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक को दिए गए साक्षात्कार में चीन के साथ संबंधों को पटरी पर लाने के लिए एक पहल की है। मोदी ने कहा है कि सीमा पर लंबे समय से चल रहा तनाव दोनों देशों में से किसी के हित में नहीं है। उनकी यह सोच किशिदा से एकदम अलग है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की सरगर्मी के बीच किशिदा की यह यात्रा बाइडन को राजनीतिक रूप से फायदा पहुंचा सकती है। किशिदा ने कहा कि अमेरिका के नेताओं को अपनी ग्लोबल भूमिका को लेकर कोई संदेह और दुविधा नहीं होनी चाहिए। अमेरिका ने अपने बलबूते दुनिया में स्थायित्व कायम रखा है। उसे अपनी यह भूमिका जारी रखनी चाहिए तथा इस क्रम में जापान पूरी तरह उसके साथ है। जापान को दूसरे विश्व युद्ध के बाद निशस्त्र कर दिया गया था।

तकनीकी रूप से जापान आज भी सेना नहीं रख सकता लेकिन अमेरिका और पश्चिमी देशों की सैन्य मुहिम को बिना शर्त समर्थन देने का ही नतीजा है कि जापान आज एक सैन्य ताकत बनने की राह पर है। जिस देश से शांति के पैगाम की उम्मीद थी, वह युद्ध का नगाड़ा बजा रहा है। वह भी ऐसे समय जब गाजा में इस्राइल का नरसंहार जारी है तथा फारस की खाड़ी के बीच संभावित संघर्ष जापान के लिए मारक सिद्ध हो सकता है। यह संघर्ष यदि व्यापक रूप लेता है तो दुनिया का कच्चे तेल का आधा कारोबार ठप हो जाएगा। रूस से ऊर्जा आयात कम करने वाला जापान इस नये संकट का सामना कैसे करेगा।

वास्तव में भारत के लिए भी पश्चिम एशिया का संकट नई आर्थिक चुनौती पेश कर सकता है। गनीमत यह है कि रूस एक विश्वसनीय ऊर्जा प्रदाता देश है जो आड़े समय में भारत के काम आएगा। आने वाले दिनों में कच्चे तेल का अंतरराष्ट्रीय मूल्य कितना ऊपर जाता है, यह विश्व अर्थव्यवस्था की बहाली के लिए निर्णायक होगा। रूस के खिलाफ यदि प्रतिबंध जारी रहा और पश्चिमी एशिया से तेल आपूर्ति बाधित हुई तो जापान और यूरोप के देशों की अर्थव्यवस्था की कमर टूट सकती है।

# संविधान निर्माता देश रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की मनाई गई जयंती



**हज़ारीबाग़** – पूरे भारत वर्ष के पैमाने पर तथा विशेष रूप से हजारीबाग मण्डल अंतर्गत एलआईसी के सारे कार्यालयों मे संविधान निर्माता देश रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती पुरे व्यापकता के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर एलआईसी के हजारीबाग मण्डल कार्यालय मे भी एक व्याख्यानमाला (सेमिनार) का आयोजन बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मण्डल के बैनर तले संगठन कार्यालय मे किया गया। इस अवसर पर संत कोलंबस कॉलेज के दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर जयप्रकाश आनंद मुख्य-अतिथि सह मुख्य-वक्ता के रूप मे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईइएएचडी के सांगठनिक सचिव कॉमरेड मदन पाठक ने किया। आईइएएचडी के महासचिव कॉमरेड जे सी मित्तल ने इस अवसर पर कहा कि अंबेडकर और उनकी विचारधारा आज की तारीख मे सबसे ज्यादा प्रासंगिक हैं । उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान का निर्माण करने वाली संविधान सभा ने 1948 मे एक प्रस्ताव दिया कि राष्ट को बीमा व्यवसाय का सुप्रबंध करना चाहिए। संविधान के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर ने कहा कि बीमा उदद्योग का राष्टीयकरण होना चाहिए तथा इसका प्रबंधन सदैव राष्ट द्वारा होना सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होने कहा कि सरकारों के द्वारा संविधान की लोक कल्याण की मूल भावना को सदैव अक्षुण रखने का दर्शन अंबेडकर की विचारधारा से सामंजस्य मे ही है । आज बीमा एवं जीवन बीमा का निजीकरण की ओर बढ़ाया जा चुका कदम अंबेडकर की विचारधारा के बिलकुल विपरीत ,संविधान की मूल प्रस्तावना के विरुद्ध एवं भारत की ग्राम-प्रधान एवं कृषि-प्रधान सामाजिक-आर्थिक संरचना के बिल्कुल प्रतिकूल है। सरकार अपने संवैधानिक कर्तव्यों का व्यवसायीकरण कर रही है । इस दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य का तथ्यात्मक आधार पर पुरजोर विरोध अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी । इस अवसर पर एलआईसी के वरीय मण्डल प्रबन्धक मुकेश कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अच्छे नागरिक , अच्छे निगमकर्मी एवं अच्छे सहयोगी बनने के लिए हमें अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाना होगा।

## उपायुक्त ने डिस्ट्रिक बोर्ड चौक अवस्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

### बाबा साहब अम्बेडकर के विचारों, आदर्शों को विधार्थी जीवन में आत्मसात करना आवश्यक--- डीसी

**हज़ारीबाग़** – उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिलेवासियों को डॉ अंबेडकर जयंती की बधाई दी है। उन्होंने डिस्ट्रिक बोर्ड चौक अवस्थित बाबा भीमराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना सम्मान प्रकट किया। मौके पर उन्होंने कहा कि संविधान के सूत्रधार बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती की बधाई देती हूं। संविधान के रचयिता, ज्ञान और विलक्षण प्रतिभा संपन्न डॉ. अम्बेडकर ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक शिक्षाविद, कानूनी विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में काम किया। डॉ साहब की सामाजिक न्याय की अवधारणा अतुलनीय थी जो सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उनका मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो हमेशा प्रासंगिक रहेगा। बाबा साहब अम्बेडकर का पूरा जीवन प्रेरणाश्रोत है। उनके विचारों,आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यता है। इस अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, सदर एसडीओ शैलेश कुमार, डीपीआरओ रोहित कुमार एवं एपीआरओ परिमल कुमार इस अवसर पर अन्य मौजूद थे।



## पेलावल विकास मंच ने बाबा साहेब अंबेडकर को किया याद

**हज़ारीबाग़** – पेलावल दक्षिणी स्थित पीवीएम प्रधान कार्यालय में दलित, शोषित, पिछड़ी एवं देश के तमाम गरीब गुरबाओं के मसीहा सह संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित मंच के सदस्यों एवं बच्चों ने दो मिनट का मौन रखकर बाबा साहेब जी की आत्मा की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किए। तत्पश्चात सभों के द्वारा बारी-बारी से बाबा जी को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दिए। मंच के संरक्षक सह क्वींसलैंड ग्रामर स्कूल के डायरेक्टर मो.समीर तथा मंच के अध्यक्ष एम.हक भारती ने अंबेडकर जी की जीवनी पर प्रकाश डाले। कार्यक्रम का संचालन मंच के उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंच के चंद्रशेखर शर्मा, कुलदीप पासवान, इंजमामुल हक भारती,मो.मेराजुल हक,राजू पासवान, संदीप कुमार शर्मा,मो.मोनाजिर, विनायक कुमार,अनिल पासवान,शिवा राम,विशाल राम,अंकिता कुमारी,रोहित राम,बिनोद राम,सूरज राम एवं गोलू राम उपस्थित थे।

## शहर के सिंदूर में आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय का सुदेश महतो ने किया उदघाटन




**हज़ारीबाग** – शहर के सिंदूर में आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने पत्रकार वार्ता किया। इस दौरान कहा की झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीट पर एनडीए उम्मीदवार की जीत होगी। इसके लिए आजसू का हर कार्यकर्ता जुट गया है। पार्टी को गांव स्तर पर मजबूत करने के साथ हर एक व्यक्ति और परिवार तक एनडीए की विचारधारा को पहुंचाना है। हर गांव में ग्राम प्रभारी के रूप में एक पुरुष और एक महिला को जिम्मेदारी दी जा रही है। सभी लोकसभा सीट पर कैडर को मजबूत करना है। साथ ही विधानसभा के 81 सीट पर संगठन को और मजबूत करना है। कहा की हजारीबाग में कार्यालय खुलने से भी यहां के कार्यकर्ता और जनता को सहूलियत होगी। केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग विधानसभा प्रभारी नमन ठाकुर ने कहा की इस बार जनता का रुझान एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में है। इसलिए एनडीए उम्मीदवार की रिकॉर्ड मतों से जीत होगी। मौके पर देवशरण भगत, खालिद खलील समेत अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**हज़ारीबाग़** – हजारीबाग के झंझरिया पुल स्थित भाजपा का विधानसभा क्षेत्रीय बीजेपी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन भाजपा विधायक सह लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल और भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वही कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो भी शामिल हुए। कार्यालय उद्घाटन को लेकर बीजेपी उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बताया कि मैं एक नेता नहीं बल्कि जन सेवक के रूप में पिछ्ले दस वर्षों से जनता के बीच रहा हूं और भाजपा ने फिर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए मौका दिया है, तो मैं जनता के बीच जन सेवक के रूप में ही कार्य करूंगा। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए भरोसा जताया है। जिस पर हम सभी कार्यकर्ताओं को खरा उतरना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा है कि हमें ओवर कॉन्फिडेंस नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर मतदाताओं से मिलने की जरूरत है। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बड़ी पार्टियों ने राजनीति को व्यवसाय बना दिया है - राजकुमार



**दारू** – झारखंड पार्टी (झापा) के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर झारखंड के तीन लोकसभा सीट हजारीबाग, चतरा एवं चाईबासा पर अपना प्रत्याशी घोषित किया। लोकसभा सीट की घोषणा होते ही शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा उर्फ बबलू कुशवाहा ने टाटीझरिया प्रधान जी होटल में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि मुझे हजारीबाग लोकसभा से प्रत्याशी घोषित किया गया, पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उस पर मैं खरा उतरूंगा। कुशवाहा ने कहा की झारखंड पार्टी जल, जंगल और माटी की पार्टी है। हमारी पार्टी शिक्षा, रोजगार, पलायन रोकना, किसानो की आय बढ़ाना, महिला सशक्तिकरण, आदि इन सभी मुद्दों के साथ चुनाव लड़ेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बड़ी पार्टियां राजनीति को व्यवसाय बना दिया है जिसके कारण क्षेत्रीय पार्टी को आगे आना पड़ रहा है। हमारे राज्य का कोयला, लकड़ी एवं खनिज संपदा को दूसरे राज्यों में बेचा जा रहा है और यहां के लोग बेरोजगारी के कारण दूसरे राज्यों में काम करने जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आम जनता त्रस्त है। इस बार जनता जरूर बदलाव करेगी। मौके पर प्रत्याशी के साथ किशोर कुमार, ऋषिकेश कुशवाहा, नारायण कुशवाहा, विनय कुमार सिन्हा और संतोष कुमार वार्ता के दौरान उपस्थित थे।

## नोडल पदाधिकारी स्वीप ने शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न मॉल का भ्रमण किया, वोटर अवरनेस फोरम गठित करने की दी जानकारी



**हज़ारीबाग़** – स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को लेकर स्वीप नोडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न मॉल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सभी व्यासायिक संस्थानों से अपने स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाते हुए शहरी मतदाताओं में मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करने को लेकर अहम जिम्मेदारी दी और साथ ही अपने अपने प्रतिष्ठानों में वीएएफ (वोटर अवरनेस फोरम) गठित करने को भी कहा। इस दौरान उन्होंने वी 2 मॉल, सिटी कार्ट मॉल, वी मार्ट, विशाल मेगा मार्ट, रिलायंस ट्रेंड, बाज़ार कोलकाता का भ्रमण किया। उन्होने बताया की लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग में 20 मई को मतदान है। इसके लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उदेश्य यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने मॉल संचालकों से अपने बिल/रिसिप्ट,कैरी बैग्स, मुख्य द्वार,मॉल परिसर के अंदर मतदाता जागरूकता स्टैंडी, बैनर,मतदाता जागरुकता स्टीकर लगाकर घर-घर तक मतदान दिवस के संदेश को पहुंचाने में अपनी भूमिका को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मतदाता प्रतीज्ञा का शपथ पाठ कराने एवं मतदान संबंधी जिंगल्स/सॉन्ग को अपने प्रतिष्ठानों में लगे साउंड सिस्टम में बजाकर ग्राहकों तथा अपने कर्मियों को मतदान के प्रति जागरूक करने में सहयोग करने को कहा।

## कांग्रेस इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने किया हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का दौरा

**रामनवमी पर्व को लेकर महासमिति एवं अखाड़ा धारियों से की मुलाकात**

### गुरुद्वारा में माथा टेक कर सिख समाज को बैशाखी की दी शुभकामनाएं

**हजारीबाग** – लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल का चुनावी दौरा जारी है। वो लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर जनसंपर्क कर रहे हैं। समाज के सभी वर्गों के लोगों से मुलाकात कर अपने जनसम्पर्क के क्रम को लगातार मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

इसी क्रम में वो कल बैशाखी के शुभ अवसर पर हजारीबाग गुरु गोबिंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा में सिख समुदाय के लोगों के साथ मत्था टेका और शुभकामनाएं दिया। उन्होंने समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रवासियों के अमन-चैन, खुशहाली और उन्नति की दुआ मांगा। इस दौरान उन्होंने संदेश दिया कि अमन -चैन और खुशहाली, उन्नति का यह पर्व सभी के जीवन मे खुशियां और उन्नति लेकर आये। आपसी सौहार्द के साथ सब को मिलकर रहना है और हजारीबाग के विकास में अपनी भूमिका तय करने का समय है।



जयप्रकाश भाई पटेल ने हज़ारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव से भी मुलाकात किया। रामनवमी पूजा को लेकर हो रही तैयारियां एवं विभिन्न मुद्दों पर बातचीत किया। इस दौरान वो सनराइज ग्रुप द्वारा आयोजित रामनवमी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। आरती लेकर प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में कैसे रामनवमी का आयोजन हो उसको लेकर भी कई बिंदुओ पर सुझाव दिया। साथ ही हज़ारीबाग के रामनवनी की ख्याति पूरे देश में है उसको भी हमें मिलकर बनाये रखने का संदेश दिया।

**रामगढ़ के दर्जनों स्थानों में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत :** प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ में कॉलेज रोड, मेन रोड, चैनगढ़ा, पोचरा, बरकाकाना, मतकमा चौक भुरकुंडा आदि कई स्थानों में जनसंपर्क किया। इस बीच कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने माँ वनजारी दुर्गा मंदिर में माता का आशीर्वाद लिया। स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कल उन्होंने रिवर साइड भुरकुंडा में आयोजित सरहुल पूजा के केंद्रीय मिलन समारोह सह शोभायात्रा में भी सम्मिलित हुए। जनसंपर्क में उनके साथ मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, मनोज नारायण भगत (नगर अध्यक्ष), गणेश प्रसाद मेहता (सदर प्रखंड प्रमुख), जयकुमार महतो, अनिल कुमार रॉय आदि कई लोग उपस्थित रहे एवं इंडिया महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील लोगों से किया।

## लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास झारखंड में एनडीए का हिस्सा नहीं है- दिलीप पासवान

**हज़ारीबाग़** – लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला अध्यक्ष दिलीप पासवान ने प्रेस जारी करते हुए कहा की लगता है कि झारखंड में लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए का हिस्सा नहीं है, क्योंकि गठबंधन धर्म का पालन नहीं हो रहा है। हमारे झारखंड में प्रदेश स्तर के नेता के साथ किसी भी तरह का कोई बैठक नहीं हुआ है। हमारे जिला स्तर प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भ्रमित है अगर उनको लग रहा है कि हमें सहयोगी दल के कोई आवश्यकता नहीं है तो 2019 विधानसभा के चुनाव के नतीजा को याद कर ले क्योंकि हमारे आदरणीय राष्टीय अध्यक्ष चिराग पासवान को चाहने वाले पूरे हिंदुस्तान के साथ-साथ झारखंड में भी हैं चाहे कोई भी दल कोई भी पार्टी में हो हम अपने झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अभिभावक वीरेंद्र प्रधान एवं लोक जनशक्ति पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष आदरणीय चिराग पासवान से मांग करता हूं कि हम लोग को जल्द से जल्द हम लोग को मार्गदर्शन देने का कृपा करें , क्योंकि हमारे कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं लोग जनशक्ति पार्टी को चाहने वाले आस्था रखने वाले आक्रोशित हैं या कोई भी फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं।




## जय श्रीराम के जयकारों के जयकारों से गूंजा शहर



**हजारीबाग** – मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्म उत्सव को लेकर पूरा हजारीबाग राममय हो चुका है तो वहीं सनराइज ग्रुप के द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सनराइज ग्रुप में इस भव्य शोभायात्रा का नाम झंडा शोभा यात्रा दिया है। शोभा यात्रा में उड़ीसा के सुप्रसिद्ध जय हनुमान सिंधा ढोल की विशेष प्रस्तुति रही, जिसमें करीब 10 से भी अधिक लोगो ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से शहर को राममय किया है। शोभायात्रा में सर्वप्रथम आगे आगे नारी शक्ति की अवतार पांच महिलाएं पैदल चलती नजर आई ठीक उसके घोड़े पर सवार झांसी की रानी की अवतार पर शहर की बेटियां नजर आई। इसके पीछे बुलेट पर सवार नारी शक्ति नजर आई। जिसके पीछे कई महिलाएं एवं पुरुष हाथों में झंडा लिए कदम से कदम आगे बढ़ते हुए और शोभा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में जुटे थे। जिसके पीछे राम परिवार का एक अद्भुत झांकी लोगों को अपनी और आकर्षित कर रहा था।

## चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को अस्त्र- सस्त्र परिचालन प्रतियोगिता - 2024 ओरिया में हुआ भव्य आयोजन

**तलवार भांजन, लाठी भांजन एवं मुगदर भांजन में प्रतिभागियों ने दिखाया अपना अद्भुत करतब**

**हज़ारीबाग़** – चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया शिवमंदिर प्रांगण में दिन रविवार को सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति ओरिया द्वारा अस्त्र- सस्त्र परिचालन प्रतियोगिता - 2024 का भव्य आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रतिभागी तलवार भांजन, लाठी भांजन एवं मुगदर भांजन में भाग लिया। अस्त्र- सस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का शुभारंभ अध्यक्ष हीरालाल कुमार ने लाठी भांजकर किया। निर्णायक के रूप में अध्यक्ष हीरालाल कुमार एवं उपाध्यक्ष फिरोज राम ने अपना सरहानीय योगदान दिया। अस्त्र- सस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का संचालन विजय यादव ने किया। मुगदर भांजन में प्रथम स्थान बबलू यादव, द्वितीय स्थान बादल रावत एवं तृतीय स्थान गोविन्द यादव रहे। तलवार भांजन में प्रथम स्थान रोहित कुमार, द्वितीय स्थान अनिमेष कुमार एवं तृतीय स्थान अंश कुमार रहे। लाठी भांजन में प्रथम स्थान राजेश यादव, द्वितीय स्थान काली यादव एवं तृतीय स्थान रॉकी कुमार रहे। जोडा लाठी भांजन प्रदर्शन में प्रथम मयंक कुमार व आदित्य कुमार, द्वितीय गणपति राम व बिट्टू यादव एवं तृतीय स्थान तृषा कुमार व लक्ष्मी कुमारी रही। मौके पर रामनवमी समिति के अध्यक्ष हीरालाल कुमार ने कहा कि अस्त्र- सस्त्र प्रतियोगिता से शरीर चुस्त दुरस्त रहता है। हमें राजा राम की तरह पुरुषोत्तम बनने का संकल्प लेने की जरूरत है तभी समाज में एकता कायम रहेगी और राम राज्य की परिकल्पना सफल होगा। मौके पर विशेष रूप से रामनवमी समिति अध्यक्ष , उपाध्यक्ष फिरोज राम, सचिव, उपसचिव, महासचिव, कोषाध्यक्ष, उपकोषाध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।




## भाजपा कतरास मंडल ने भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई



**कतरास-** 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती में सादर नमन करते हुए भाजपा कतरास मंडल ने गुहीबांध बस स्टैंड में बाबा साहब की प्रतिमा पर फूल माला चढ़कर बाबा साहब का नारा लगाते हुए जयंती मनाई गई. मौके पर भाजपा के जिला मंत्री महेश पासवान, मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा, अमित भगत कंचन चौरसिया, सूर्य देव मिश्रा, रामकुमार साहू, रविंद्र विजन, बबलू मिश्रा, प्रकाश राम गुप्ता, बद्री हरी, सुभाष चंद्र चौरसिया आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित है.

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की



**धनबाद /** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती के उपलक्ष पर झरिया बस्ताकोला मंडल स्थित उनके प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की वही इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की वही अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि बाबा साहेब की बाते सदैव याद रखी जाएगी ऐसे महापुरुष सदियों में जन्म लेते है और उनके विचारों द्वारा वो सदैव याद रखे जाएंगे।इस दौरान बस्ता कोला मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव राज किशोर जैना बप्पी बाउरी स्वरूप भट्टाचार्य पप्पू पासवान दिनेश पासवान अनिल नोनिया समेत कई अन्य गणमान्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन



**धनबाद /** न्यू बैंक कॉलोनी स्टील गेट सरायढेला धनबाद में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133बी जयंती मनाई गई । सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया एवं दीपक जलाकर उन्हें नमन किया गया इस अवसर पर कई गन्यमान लोग उपस्थित हुए , राजकिशोर पासवान ने सभी अतिथियों को स्वागत किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीएल के अवकाशप्राप्त गणेश पासवान के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया इस अवसर पर गणेश पासवान ने सभी को शुभकामनाएं दी एवं बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलने के लिए उत्साहित किया कई लोगों ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किया। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त शिक्षक आर एस प्रसाद ,राजेश कुमार , राजेंद्र पासवान चंद्रिका पासवान ,रोशन कुमार ,नंदू पासवान विकास कुमार, हरदेव पासवान आदि उपस्थित हुए । बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारो पर चर्चा किया गया एवं आने वाले वर्षो में और भी धूम धाम से मनाने का संकल्प लिया गया।

## संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य - सीता राणा



**धनबाद।** धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 133 वी जयंती पर धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मौके पर सीता राणा ने कहा कि संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। आज कुछ लोग बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाई गई संविधान को ही बदलना चाहते हैं। हमे जागरूक होना होगा और संविधान को बदलने की बात करने वालों को संसद पहुंचने से रोकना होगा। ऐसा इसलिए भी जरूरी है क्योंकि गरीबों, दलितों पिछड़ों का अधिकार इससे जुड़ा हुआ है। मानव मूल्यों की रक्षा संविधान से ही निहित है। बाबा साहेब आंबेडकर के विचारों को आत्मसात करके की जरूरत है। मौके पर जिला सचिव हेमंती जायसवाल, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष जानकी देवी, सरिता सिन्हा आदि उपस्थित थीं।

## महिला सशक्तिकरण के असली नायक थे डॉ0भीमराव अंबेडकर- जानकी देवी

**कतरास।** भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अंबेडकर की 134वीं जन्म दिवस कतरास के हीरक कैंप में महिला समिति द्वारा मनाई गई. महिला समिति के सदस्यों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया. महिला समिति की जानकी देवी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सिर्फ दलितों और पिछड़ों के लिए ही नहीं बल्कि महिला अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया. वे महिला शिक्षा और महिला उत्थान के बहुत बड़े समर्थक थे।

# रामनवमी जुलूस में अश्लील, भड़काऊ वक्तव्य एवं गाना बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा- एसडीओ

## त्योहार के मद्देनजर सभी लोगो को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करें

**बोकारो।** जिले में रामनवमी के दिन शोभायात्रा व झांकी निकाले जाने को लेकर अखाड़ा समितियों एवं डीजे के प्रतिनिधियों के साथ 13 अप्रैल, 2024 दिन शनिवार को सदर एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता एवं एसडीओ बेरमो तेनुघाट मनोज कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के कई अखाड़ा समितियों एवं डीजे के प्रतिनिधि शामिल हुए। *बैठक में रामनवमी जुलूस के दौरान शहर में विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर सभी अखाड़ा समितियों के साथ विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा आदर्श आचार सहिंता में त्योहारों के आयोजन में अपनाए जाने वाले नियम-कानून की जानकारी एसडीओ ने दी। साथ ही उन्होंने कहा कि आसन्न लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करने को कहा इसके लिए डीजे संचालकों को स्वघोषित घोषणा पत्र देना होगा।




**इसके अनुसार :** शोभा यात्रा के दौरान डीजे या ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग किसी भी राजनीतिक दल, प्रत्याशियों को पक्ष में नारेबाजी, बयान, कथन, चुनाव प्रचार आदि के लिए प्रयोग नहीं करूंगा और ना करने दूंगा।

शोभा यात्रा के दौरान लगने वाले ध्वनि विस्तार के यंत्र में 60 डेसीबल से उच्च स्तर पर नहीं बजाऊंगा और ना बजाने दूंगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग में ध्वनि प्रदूषण अधिनियम 1951 में दिए गए नियमो का पूर्णतः अनुपालन करूंगा।

किसी भी शिक्षण संस्थान छात्रावास अस्पताल चिकित्सा केंद्र एवं न्यायालय परिषद के 200 मीटर के अंदर ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग नहीं करूंगा तथा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन के आलोक में रात्रि 10ः00 बजे से प्रातः 6ः00 बजे तक सार्वजनिक स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग ना हो, सुनिश्चित करूंगा।

मस्जिद एवं गिरजाघर के सामने किसी भी जाति, धर्म एवं संप्रदाय के विरुद्ध अश्लील, भड़काऊ वक्तव्य, गाना, संगीत के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग ना हो, सुनिश्चित करूंगा। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की स्थिति में मैं अपने नजदीकी थाना, मजिस्ट्रेट एवं संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को सूचित करूंगा। डीजे या ध्वनि विस्तारक यंत्र से किसी भी किस्म का कोई भड़काऊ गाना, बयान, कथन ना बजाऊंगा ना बजने दूंगा, जिससे किसी वर्ग या समूह आदि में परीशांति भंग हो, किसी व्यक्ति के निजी जीवन पर हमला हो या जो नैतिकता और शालीनता को ठेस पहुंचती हो। बैठकों में निर्णय लिया गया कि रामनवमी शोभा यात्रा में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से झांकी निकाली जायेगी। झांकी में आदर्श आचार संहिता के मापदंडों का सख्ती से पालन किया जाएगा। *झांकी के दौरान डीजे बजाने पर पूरी तरह सरकारी नियमों का पालन करना होगा, जिसका ध्वनि तीव्रता (आवाज) 60 डेसिबल से नीचे हो*। बता दें कि रामनवमी के दिन शहर समेत जिले के कई गांवों में शोभा यात्रा व भव्य झांकी निकाली जाती है। लेकिन, लोकसभा चुनाव को लेकर लगे आदर्श आचार संहिता लागू होने के चलते इस बार कई तरह के प्रतिबंध लागू होंगे। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से इसे लेकर आवश्यक तैयारी पूरी की जा रही है।बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे सहित जिले के विभिन्न अखाड़ा समितियां के सदस्य एवं डीजे के संचालक को उपस्थित थे।

# मोदी जी के द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो को देखकर विपक्ष घबरा गया है- ढुल्लू

**धनबाद /** भाजपा धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो रविवार को केंदुआ मंडल बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में करकेंन्द रानी सती दादी मंदिर में शामिल हुए।अध्यक्षता आनंद खंडेलवाल ने और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री रंजय सिंह ने किया।।

भाजपा लोकसभा उम्मीदवार ढुल्लू महतो ने सबसे पहले दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी ,और बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया,, तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारम्भ हुई।कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ अपने उम्मीदवार का स्वागत फूल माला,,भगवा वस्त्र से किया।ढुल्लू महतो ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए आपका सहयोग आवश्यक है,, आज हमारा देश मजबूत हाथों में है,,मोदी जी के द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों को देखकर विपक्ष घबरा गया है,, आज धनबाद के अधूरे पड़े विकाश कार्यो को पूरा करूँगा यह ढुल्लू महतो का संकल्प है।




इस अवसर पर सभी बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।लोकसभा प्रभारी सतेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और चुनावी टिप्स दिए।।पूर्व मेयर शेखर अग्रवाल ने कहा मोदी सरकार के द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी लेकर एक एक दरवाजे तक जाए।भाजयुमो नेता तमाल राय ने कहा आज विपक्ष के पास कोई उम्मीदवार नही मिल रहा।रमेश राही ने एक एक बूथ अध्यक्ष से जानकारी लिया।मंडल प्रभारी अशोक सिन्हा ने कहा केंदुआ मंडल पूरे विधानसभा मे अव्वल रहेगा। मौके पर अशोक सिन्हा रवि सिन्हा श्याम गुप्ता, तेज बहादुर सिंह अभिमन्यु सिंह मेघनाथ वर्मा महेंद्र बरनवाल रामदेव महतो,गोविंदा राउत भानु महतो मीना देवी पूनम सिंह गीता सिंह बबलू सिंह सिन्हा मनोज पासवान बैजनाथ बाउरी बसंत यादव कृष्ण मोदी चंदन पांडे राम चौरसिया धनंजय श्रीवास्तव मुन्ना विश्वकर्मा मोनू अग्रवाल अजय वर्मा धीरज तिवारी रामकेश गुप्ता सुनील शर्मा विनय सिंह नवीन वर्मा मनोज चौहान पलक धारी राजभर दीपक कर्मकार हीरालाल महतो राजा चौरसिया गोपाल साहू, राजू पाण्डेय, आदि बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता शामिल थे

## वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में धूमधाम से मनाया गया भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती

**कतरास-*** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह कोलियरी के हाजिरी घर के समीप कोल इंडिया एस सी/एस टी एम्प्लाइज एशोसिएशन(सिस्टा)के बैनर तले धूमधाम से भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उपस्थित लोगों ने सबसे पहले बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया. इसके बाद कार्यक्रम में आये हुए झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद राजा, आरएसएस के पंकज सिंह, निवर्तमान पार्षद छोटु सिंह, संजय सिंह, प्रकाश दास, अजित पासवान आदि अतिथियों का




आयोजनकर्ताओं ने शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर सम्मानित किया. मंचासीन वक्ताओं ने संविधान रचयिता बाबा साहेब अंबेडकर की जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला व देश के प्रति किये गए उनके कार्यों को याद किया. कहा कि आज बाबा साहेब के लिखे संविधान से देश चल रहा है. कार्यक्रम में धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के सदस्य भारी सँख्या में सम्मिलित हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता अजीत कुमार पासवान व मंच संचालन बिनोद सिंह ने किया. मौके पर तेतुलमारी थाना प्रभारी लव कुमार, सिस्टा के क्षेत्रीय सचिव रविशंकर पासवान, शाखा सचिव बी बी रविदास, शाखा अध्यक्ष राजेश रविदास, सिस्टा के महासचिव अर्जुन पासवान, संगठन सचिव अशोक कुमार कनोजिया, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष भोला कुमार भुइँया, रन्तोष महतो आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

## भाजपा सिन्दरी नगर ने भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई

**सिन्दरी -** भारतीय जनता पार्टी सिंदरी नगर के द्वारा सिंदरी में भारत रत्न डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती रोडाबांध चौक में धूमधाम से मनाई गई। सारे कार्यकर्ताओं ने उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया । धनबाद ग्रामीण के जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्गो पर चलकर ही हम विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं सिंदरी के विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी श्रीमती तारा देवी ने अंबेडकर साहब की जीवन एवं संघर्षो पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणा लेने की बात कही। नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने कहा कि आज केंद्र की मोदी



सरकार आंबेडकर जी के सपनो को साकार कर रही है और तीसरी टर्म की सरकार बनने के बाद और तीव्र गति से उनके सपनो को पूरा किया जाएगा । इस अवसर पर मुख्यरूप ,प्रकाश बाउरी,राकेश तिवारी,कुमार महतो,रंजना शर्मा,राघव तिवारी,संजय महतो,रविश्वर मरांडी,नकुल सिंहअणिमा सिंह,प्रदीप हांडी,चंद्रावती देवी,विजय कुमार,ईश्वर यादव, धर्मेंद्र यादव,देवाशीष साहिस इत्यादि अनेको कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## अभ्यानंद सुपर 30 की परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न

**कतरास-*** पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार रविवार को अंगारपथरा कांटा पहाड़ी में संकल्प एजुकेशन के तत्वावधान में अभ्यानंद सुपर 30 की प्रवेश परीक्षा दो चरणों में शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गई. अभ्यानंद सुपर 30 के झारखंड प्रमुख डॉ0 पिंटू कुमार व संजय कुमार की देखरेख में यह प्रवेश परीक्षा ली गई. परीक्षा में छठवीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से धनबाद, कतरास, राजगंज, महुदा, झरिया, सिंदरी, गोविंदपुर, टुंडी, सोनारडीह, बाघमारा, बरोरा आदि स्थानों से कुल 91 प्रतिभागी शामिल हुए. परीक्षा में गणित एवं रिजनिंग विषय के प्रश्न पूछे गए. संकल्प एजुकेशन के निर्देशक सहदेव महतो ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली बच्चों को बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है




ताकि उसका भविष्य उज्वल हो और अपने घर परिवार व देश का नाम रौशन कर सके. रिजल्ट को लेकर हुई बातचीत के दौरान बताया गया कि जिन बच्चों ने कुल 40 में से 35 से अधिक प्रश्नों को हल किया है उसका सुपर 30 की लिस्ट में शामिल होना तय माना जा रहा है. उससे कुछ कम अंक लाने वाले बच्चे भी सुपर 100 या सुपर 200 की लिस्ट में शामिल होंगे. कुल मिलाकर 18 तारीख तक 40 में से 20 से अधिक प्रश्नों के सही जवाब लिखने वाले बच्चों के मोबाइल पर 18 तारीख तक मैसेज आयेगा. कार्यक्रम को सफल बनाने में संकल्प एजुकेशन के निर्देशक सहदेव महतो, मनोरमा देवी, ऋषि कुमार, मारकंडेय सिंह, विनोद कुमार, डॉक्टर परमेश्वर कुमार दास, नेतृत्व रंजन, बिजय कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# कम लागत तथा उच्च गुणवता वाले रिफैक्टरी के उत्पादन के रोड मैप के साथ हुआ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

बोकारो स्टील प्लांट की मेजबानी में आयोजित दो दिवसीय ÷नैनो टेक्नोलॉजी और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से लौह और इस्पात उद्योग में रिफ्रैक्टरीज़ में प्रगति÷ विषय पर द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आरईएफआईएस-4.0 का समापन आज दिनांक 13 अप्रैल को हुआ. समापन समारोह में अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे.

दो दिनों तक चले इस सम्मलेन में रिफ्रैक्टरी उद्योग से जुड़े विभिन्न चुनौतियों, विशेषकर वर्ष 2030 तक देश में इस्पात उत्पादन क्षमता 300 मिलियन टन के लक्ष्य को हासिल करने के परिप्रेक्ष्य में रिफ्रैक्टरी सेक्टर में देश को आत्म-निर्भर बनाने, इंडस्ट्री-4.0 टेक्नोलोजी के इस्तेमाल द्वारा कम लागत तथा उच्च गुणवत्ता वाले रिफ्रैक्टरी का निर्माण तथा इस्पात एवं रिफ्रैक्टरी उद्योग के परस्पर हितों को ध्यान में रखते हुए हाई करोज़ोन रीफ्रैक्टरीज ब्रिक लैडल लिप ब्रिक, नई पीढ़ी के एल्यूमिना ग्रेफाइट लैडल ब्रिक का विकास, उच्च गुणवत्ता वाले मोनोलिथिक लाइनिंग ब्रिक का उपयोग, टनडिश में इस्पात की गुणवत्ता में सुधार की आधुनिक तकनीक, लो कार्बन स्टील कास्टिंग में जिरकोनिया मीटरिंग नोजल के प्रदर्शन में सुधार के लिए अध्ययन जैसे विषयों पर गहन मंथन किया गया. इसके अलावा रिफ्रैक्टरी के उचित उपयोग द्वारा जीएचजी मिटिगेशन, रिफ्रैक्टरी वेस्ट से सर्कुलर इकोनॉमी हेतु इनोवेटिव मैटेरियल्स की संभावना, ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण, मशीन लर्निंग इत्यादि पहलुओं पर भी सम्मलेन के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक चर्चा की गई.



## बीजीएच में अत्याधुनिक सी टी स्कैन का उद्घाटन

13 अप्रैल को श्री अतानु भौमिक, निदेशक प्रभारी आरएसपी, अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी बीएसेल ने बोकारो जेनरल अस्पताल में 128 स्लाइस स्टेट ऑफ़ दि आर्ट अत्याधुनिक सी टी स्कैन मशीन का उद्घाटन किया. इस मौके पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक, बीजीएच के सीएमओ डॉ बी बी करुणामय सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित थे. बीजीएच में इससे पहले 6 स्लाइस सी टी स्कैन मशीन उपलब्ध था. अब अस्पताल में 128 स्लाइस स्टेट ऑफ़ दि आर्ट अत्याधुनिक सी टी स्कैन मशीन से मरीज़ों की जाँच में और बेहतरी आएगी. इस सी टी स्कैन में लो रेडिएशन डोज़, स्कैनिंग टाइम में कमी, हाई रेसोलूशन 3 डी इमेज, ए आई आधारित कंट्रोल सिस्टम सहित कई और सुविधाएँ हैं, साथ ही इससे कार्डिएक स्कैनिंग एवं कोरोनरी एंजियोग्राफी भी अधिक दक्षता एवं सटीक रीति से की जा सकेगी जिसका लाभ मरीज़ों को मिलेगा.

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पोखराहा खुर्द में मनाई गई



**मेदिनीनगर ।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर एवं कैंडल जलाकर पुष्प चढ़ाकर पुष्प माला उनके गले में डालकर धूमधाम से मेदनी नगर में पोखराहा खुर्द में जयंती मनाई गई जिसमें मुख्य रूप से बहुजन समाज पार्टी पलामू के युवा नेता एवं संभावित लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी राकेश पासवान के द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में की गई मुख्य रूप से जयंती मनाने वाले में उपस्थित श्री ,श्री वीरेंद्र मांझी, अरविंद कुमार ,श्रीमती बीना देवी, जय श्री मांझी ललन कुमार वर्मा, विकास कुमार, निशु कुमार, योगेश्वर मांझी , राम गती मांझी, महेंद्र मांझी ,रत्नेश कुमार ,संतोष कुमार, जयप्रकाश मांझी ,चैतन्य कुमार एवं मांझी परिवार उपस्थित थे

# झामुमो ने देश का संविधान बचाने के लिए दिया एक दिवसीय धरना

**मेदिनीनगर** झामुमो केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार आज शहर के छः मुहान चौक पर झामुमो पलामू जिला समिति द्वारा जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा जी की अध्यक्षता में संविधान बचाओ देश बचाओ एक दिवसीय धरना दिया गया । कार्यक्रम की शुरुआत जिलाध्यक्ष एवं केंद्रीय समिति सदस्यों द्वारा भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया । कार्यक्रम का संचालन सचिव सन्नो सिद्दीकी जी द्वारा किया गया । माल्यार्पण के पश्चात जिलाध्यक्ष जी ने कहा कि इस धरना का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार के द्वारा जो संविधान को खत्म करने की कोशिश की जा रही है उसे रोकना है । उन्होंने कहा कि कैसे कुर्सी पर बैठे दो दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने का काम किया गया । जबकि माननीय हेमंत सोरेन जी के




खिलाफ एक भी सबूत नही दिखा पाई है उनकी एजेंसियां । हेमंत सोरेन जी बेगुनाह हैं और जल्द ही वो रिहा होकर बाहर आएँगे । केंद्र के इशारों पर नाचने वाली एजेंसियां के दिन खत्म होंगे क्योंकि जनता अब संवैधानिक रूप से मोदी जी को हटाकर रहेगी । उन्होंने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा संघर्ष,सामाजिक स्वतंत्रता, सामाजिक समता, सामाजिक न्याय के पुरोधा भारत रत्न से सम्मानित पूरे भारतवर्ष के लिए एक मिसाल थे । उनके द्वारा लिखा गया संविधान से हमारा देश चल रहा है और हम इसे किसी भी हाल में खत्म नही होने देंगे । इसके बाद एक एक कर उपस्थित सभी नेताओं ने जनता के समक्ष अपनी बातों को रखा । कार्यक्रम का समापन सभी नेताओं ने खड़े होकर अम्बेडकर जी की रैली का अभिवादन करके किया । कार्यक्रम में केंद्रीय समिति के सदस्य- संजीव तिवारी,सुनील तिवारी, उपाध्यक्ष- कमाल खान,रंजन चंद्रवंशी,राकेश सिन्हा,असफ़र रब्बानी,बालकिसुन उरांव, वरिष्ठ नेता- शाहनवाज बबलू,मुन्नवर जमां,अविनाश देव,प्रदीप सिंह,इकबाल एहमद,अनुराग सिंह,नवीन सिन्हा, बबलू सिंह,रिशु अग्रवाल नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्षा- सुशीला मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष- फजायल अहमद,व्यवसाय मोर्चा अध्यक्ष-दीपू चौरसिया, छात्र मोर्चा सचिव सैयद फैजल, क्रीड़ा मोर्चा अध्यक्ष सुमित वर्मन ,अल्पसंख्यक कोषाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष सोनम राइन, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष देवानन्द , मुकेश चौधरी, रज़िया नियाजी, उर्मिला कुजूर,प्रिया,मधु,शीला, ताज मोहम्मद, वसीद अंसारी, रुहान अब्बास, आर्यन,दीपक तिवारी,दीपेंद्र सिंह ये सभी नेतागण उपस्थित थे ।

## मिशन समृद्धि संस्था द्वारा सत्तु और गुड़ का वितरण किया



**मेदिनीनगर** सत्तुवान पर्व के अवसर पर मिशन समृद्धि संस्था ने रोटी सब्जी के जगह पर सत्तु और गुड़ का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया। अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वाले और शनि मंदिर परिसर में हमेशा की तरह उक्त सामाग्री वितरण किया गया।सबों के चेहरे पर खुशी थी, उन्हें भी पर्व मनाने का अहसास हुआ और संस्था के सभी सदस्यों को भी उन्हें खुश देख संतुष्टि मिली। समाज के संपन्न वर्ग की जिम्मेदारी भी है कि ऐसे कार्यों में सहयोग न भी करें तो खुद से भी जरूरतमंदों के बीच जाकर उनके बीच थोड़ी सी खुशियाँ जरूर बांटें। इस प्रकरण में मेदिनीनगर के नागरिकों की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम होगी।पूरी टीम उनका आभार और अभिनंदन करती है। इस कार्य में सराहनीय योगदान के लिए अहिल्या गिरि बैजन्ती गुप्ता शैलेन्द्र कुमार ऋषि कुमार एवं अन्य सहयोगियों का भी धन्यवाद।

## एम.के. डी.ए.वी. में याद किए गए बाबासाहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर

**मेदिनीनगर** एम.के. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज में भारतीय संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर,को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सह डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी. एन.खान ने समारोह पूर्वक बाबा साहब की जयंती मनाई। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों के साथ प्राचार्य महोदय ने बाबा साहब के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलित कर बाबासाहेब को पुष्प अर्पित किया। तदुपरांत सभी शिक्षकों ने



भी बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सहायक क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने कहा कि बाबा साहब का भारतीय संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश के समक्ष एक बड़ा संकट खड़ा हो गया। देश में न्याय व्यवस्था, दंड विधान, शासन,प्रशासन हेतु आवश्यक अपना कोई संविधान नहीं था। आज संविधान प्रदत्त अधिकारों का उपयोग कर एवं कर्तव्यों का निर्वहन कर हर व्यक्ति सम्मानित जीवन जी रहा है एवं देश हित में अपना योगदान दे रहा है । हमें बाबा साहब द्वारा दिखाएं पथ पर अग्रसर होकर देश हित में कार्य करना चाहिए और समाज में समता स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। यही बाबा साहेब के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मैं इस अवसर पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को शत-शत नमन करता हूं ।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री आलोक कुमार, श्रीमती मीनाक्षी कारण,श्री सी.एस. पांडे ,श्री नीरज कुमार श्रीवास्तव ,श्री एक. के. पांडेय उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक श्री कन्हैया राय थे।

## बालूमाथ में मानाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखण्ड में डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयन्ती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल राम ने किया ।बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित हरिजन टोला में आयोजित कार्यक्रम में जयंती के अवसर पर केक काटा गया । आयोजित कार्यक्रम में आए अतिथियों द्वारा सबसे पहले डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यर्पण किया गया।और उन्हें नमन किया गया।वही उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए गोपाल राम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर गरीब दलित और पिछड़े समाज के मसीहा थे।वही चेतना मंच के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा की दबे कुचले लोगो की आवाज थे तथा एक समाज सुधारक थे उन्होंने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था । इसके अलावा कार्यक्रम को सुरेश राम बालकेश्वर राम ने भी संबोधित किया । ज्ञात हो कि डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर आज संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।जिसमे सभी अंबेडकरवादियों को कार्यक्रम में भाग लेने का अपील किया गया है ।इस मौके पर मीडिया प्रभारी राम कुमार भुईयां,मुखिया नरेश लोहरा,बालकेश्वर राम,दीपक यादव,ब्रह्देव राम,प्रीतलाल यादव,बाबूलाल राम,तुलसी राम,दिलीप रजक,राजू गंझू,संजय राम, गोविंद दास,हरेन्द्र रवि,संतोष राम,बीरेन्द्र राम,अशोक राम,राजू दास सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण के दूसरे दिन का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न



**मेदिनीनगर** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद के निर्देश के आलोक में मेदिनीनगर के एमकेडीएवी एवं गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण के दूसरे दिन का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया।एक सौ मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण के पहले दो दिनों में डीएवी में 4228 पीठासीन पदाधिकारी एवं गिरिवर स्कूल में 2200 द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।डीएवी में प्रशिक्षण का अनुसमर्थन जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी व अमरेन्द्र पाठक तथा गिरिवर स्कूल में रामानुज प्रसाद व अशोक सिंह तथा प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम ने किया।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अमरेन्द्र नारायण, कमलेश दूबे,आलोक तिवारी,देवेन्द्र मिंज, दिलीप कुमार पाठक, श्यामलाल उरांव, मनोज कुमार द्विवेदी,नसीम अहमद, विनोद दीक्षित,सुमंत तिवारी,संजय सिंह, सतीश सिन्हा,नीरज पाण्डेय, नन्दकिशोर कुमार,अर्पण गुप्ता, मृत्युंजय कुमार व सरोज कुमार आजाद सहित एक सौ प्रशिक्षकों के द्वारा मतदानकर्मियों को उनके कार्य-दायित्व व ईवीएम संचालन के साथ मतदान प्रक्रिया की सांगोपांग जानकारी दी गयी।इस मौके पर सदर एलआरडीसी प्यारेलाल,छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा,डीएसई रणधीर कुजूर सदर सीओ अमरदीप सिंह मेलहोत्रा व परियोजना पदाधिकारी उपेन्द्र राम के द्वारा अनुश्रवण किया गया।

## प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी मेमोरियल के स्कूली छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**बालूमाथ** बालूमाथ मुख्यालय अंतर्गत प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी मेमोरियल बालूमाथ के छात्राओं ने शनिवार को मतदाता जागरूकता को लेकर रैली निकाली, जागरूकता रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर मुरपा मोड, प्रखंड कार्यालय,आदर्श नगर होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंचे इस दौरान छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सबकी जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,मतदान वोट हमारा अधिकार



कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसे स्लोगन लिखा था वहीं शिक्षक निर्मल सिंह ने कहा कि अभी लोकसभा चुनाव जो होने वाला है इसको लेकर विभाग द्वारा आदेश दिया गया है कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली जाय इसी कड़ी में बालूमाथ परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल की छात्राएं मतदाता जागरूकता रैली निकाली है वही विद्यालय के प्रधानाध्यापिका बिमला कश्यप ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है भारत के नागरिकों को मतदान देकर सशक्त सरकार निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना है इसी को लेकर आज विद्यालय के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई है। इस मौके पर शिक्षक निर्मल सिन्हा अनिता बाड़ा, चंदन दास, रूपा कुमारी, समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद का गठन

**भवनाथपुर (गढ़वा) (रांएसं)** -भवनाथपुर खदान समूह के टाउनशिप आवासीय परिसर में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद का गठन कर विधिवत मंत्रिमंडल का गठन किया गया। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय के विशाल वंदना कक्ष में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और पष्पार्चन कर किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य महोदय ने किया। इस मौके पर उन्होंने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की चर्चा करते हुए संवैधानिक तरीके से बाल संसद के गठन की घोषणा की। इस बाल संसद में विद्यालय के भैया बहनों ने बड़े ही उत्साह के साथ लोकतांत्रिक विधि से मतदान कर प्रत्येक कक्षा से दो दो प्रतिनिधि सदस्यों का चुनाव किया। इसके बाद चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा वोटिंग कर प्रधानमंत्री का चुनाव किया गया।



प्रधानमंत्री के चुनाव में कुल 24 वोट पड़े। जिसमें बहन सुहानी सिंह ने 19 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की। इस चुनाव में विभा दीदी एवं आरती दीदी ने पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी निभाई। वोटों की गिनती पीयूष आचार्य जी ने किया। चुनाव के बाद अध्यक्ष का पद कक्षा दशम के भैया शुभम कुमार, प्रधानमंत्री कक्षा दशम की बहन सुहानी सिंह और उप प्रधानमंत्री बहन कक्षा दशम की ही मानसी सिंह को बनाया गया। मौके पर नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बहन सुहानी सिंह ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विभाग बहन रिंकी कुमारी कक्षा दशम, जल एवं पर्यावरण विभाग विभाग एश्वर्या कक्षा दशम, सांस्कृतिक विभाग बहन अग्रिम सिंह कक्षा सप्तम, शिक्षा विभाग बहन इन्दु शुक्ला कक्षा दशम, खेल विभाग भैया आयुष कुमार कक्षा अष्टम, बागवानी विभाग आयुष गुप्ता कक्षा अष्टम एवं अनुशासन विभाग बहन मानसी सिंह कक्षा दशम को दिया। मंत्रिमंडल का शपथग्रहण समारोह आगामी 20 अप्रैल को किया जायेगा। इस बाल संसद के गठन में आचार्या सुश्री शारदा कुमारी, सुश्री उपासना कुमारी, चिरंजीव कुमार और योगेन्द्र कुमार ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## पार्षद ने पौधरोपण कर मनाया डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती

**छतरपुर** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्टीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण व वितरण कर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई। पर्यावरणविद और पार्षद ने छतरपुर अनुमंडल के माडवा पंचायत के ग्राम नासो से डॉ भीमराव के जन्मदिन पर निकली शोभा यात्रा में शामिल हुए। वहीं

बगैया पंचायत के तेलियाडीह में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए पौधा समर्पित किया। उन्होंने खरवारडीह में संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करने के पश्चात संत रविदास जी के प्रांगण में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ गंगा वर्धन नारियल लगाकर उन्हें थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और लीची समर्पित किया। उन्होंने लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि पर्यावरण धर्म के पहला मूल मंत्र में जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य एवं श्राद्ध पर पौधा लगा कर उसे बचाने का



विधान है। उन्होंने कहा कि जो देता है उसे देवता कहा जाता है। वृक्ष और बाबा साहेब की जीवनी और कार्यशैली में काफी समानता है। दोनों का ही समाज के लिए अतुलनीय योगदान रहा है।

छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने बाबा साहब के 133 वां जन्मदिन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए कहा है कि बाबा साहब का संविधान को सदैव अनुपालन करना चाहिए क्योंकि उन्होंने कहा है कि भाग्य पर कम और कर्म पर ज्यादा विश्वास करना चाहिए। राजनीतिक के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता बनकर गरीब असहायों को हर संभव मदद करनी चाहिए। तभी उनके सपनों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने क्षेत्र में बालु और जल की समस्या से जूझ रहे लोगों को कहा कि यह समस्या सरकार की विफलता का प्रतीक है। कार्यक्रम में शामिल महिला पुरुषों ने पर्यावरणविद कौशल किशोर और पार्षद अमित कुमार जायसवाल को गर्मजोशी से स्वागत क़िया।। ग्रामीणों ने उनकी कार्यों की सराहना की।

गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में मांडवा पंचायत एवं बगया पंचायत के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।। शोभायात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में पूर्व डीआईजी राकेश रंजन मड़वा के पूर्व मुखिया कमलेश राम ,पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी बगया पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव , धर्मेंद्र रजक, बृजेश राम अशोक राम संजय राम, रामस्वरूप राम, रवि विश्वकर्मा, नागेंद्र राम, पंकज राम, कपिल राम, जितेंद्र, रमेश, अजय, सुशील, दिनेश, देवव्रत, अजीत, विनोद राम, उषा देवी, राम जन्म राम, उपेंद्र कुमार, अरुण राम, रविंद्र यादव, बिरजा राम, लालू यादव समेत अन्य कई गणमान्य लोग शामिल थे।।

## रामनाथ चंद्रवंशी बने पलामू इंडिया गठबंधन के समन्वयक




**मेदिनीनगर** -इंडिया गठबंधन पलामू लोकसभा की विस्तारित बैठक मेदिनी नगर स्थित राजमहल मैरिज हॉल में हुई बैठक की अध्यक्षता राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने किया मंच का संचालन राजद पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने किया।

बैठक में गौतम सागर राणा पलामू लोकसभा चुनाव प्रभारी सहित संजय कुमार सिंह यादव राजद प्रदेश अध्यक्ष सीपीआईएमएल के प्रतिनिधि रामराज पासवान धीरेंद्र कुमार सिंह अधिवक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज सिंह गढ़वा जिला अध्यक्ष ममता भुईयां इंडिया गठबंधन पलामू लोकसभा कैलाश यादव मीडिया प्रभारी राजद झारखंड रामदेव प्रसाद यादव प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ झारखंड विश्वनाथ राम प्रदेश महासचिव कमलेश कुमार यादव प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम प्रदेश महासचिव राजेश रोशन प्रदेश महासचिव रंजन कुमार सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा रजत झारखंड एस एम शाहनवाज प्रदेश महासचिव ईश्वरी महतो केदार यादव जिला अध्यक्ष युवा राजद पलामू सैयद समी अहमद रामनाथ चंद्रवंशी अरुण कुमार चंद्रवंशी विजय राम पूर्व प्रत्याशी छतरपुर विधानसभा फैजल हक राशिद प्रदेश महासचिव कैलाश यादव प्रदेश महासचिव उपस्थित थे। राजद झारखंड के वरिष्ठ नेता रामनाथ चंद्रवंशी को इंडिया गठबंधन पलामू का समन्वयक मनोनीत किया गया-श्याम दास सिंह यादव को बूथ निर्माण निगरानी समिति पलामू एवं राजद गढ़वा जिला के वरिष्ठतम नेता जमरूद्दीन अंसारी को संयोजक मनोनीत किया गया। इंडिया गठबंधन पलामू लोकसभा को संयोजक मनोनीत किया गया,परवेज शाहिद वरिष्ठ अधिवक्ता गढ़वा जिला को इंडिया गठबंधन गढ़वा जिला का समन्वयक मनोनीत किया गया।

# आईपीएल 2024: आरसीबी और सनराइजर्स का मुकाबला आज

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सोमवार को यहां आईपीएल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी। आरसीबी की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में बेहद खराब रहा है और वह केवल एक मैच ही जीत पायी है। इससे टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। ऐसे में उसका लक्ष्य घरेलू मैदान पर इस मैच में जीत दर्ज कर अपनी लय हासिल करना रहेगा। टीम की विफलता का कारण बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोर प्रदर्शन रहा है। बल्लेबाजी के दौरान अब तक केवल विराट कोहली ही रन बना पाये हैं जबकि अन्य बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। वहीं गेंदबाजी भी प्रभावहीन रही है। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स का प्रदर्शन उसके मुकाबले कहीं अच्छा रहा है और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। सनराइजर्स ने अब तक 5 में से 3 मैच जीते हैं। सनराइजर्स पिछले 2 मैच जीती है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उसने इस सत्र में आईपीएल का सबसे बड़ स्कोर भी बनाया है। ऐस में बेंगलुरु की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर उसे रोकना आरसीबी के लिए बेहद कठिन रहेगा। इस मैदान पर गेंदबाजों को खासा संघर्ष करना पड़ता है। गेंद बल्ले पर आसानी से आती है वहीं मैदान भी काफी छोटा है, जिसके कारण जमकर चौके और छक्के लगते हैं। स्पिनर्स को हालांकि यहां कुछ सहायता मिलती है। जिसका लाभ दोनो ही टीमों के स्पिनर उठाना चाहेंगे। इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन का टारगेट भी जीत के लिए पर्याप्त नहीं होता।

आईपीएल के इतिहास में इस मैदान पर अब तक कुल 91 मैच खेले गए हैं, जिसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 38 जबकि दूसरी बार बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 49 में जीत दर्ज की है। ऐसे में आरसीबी को इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो विराट के अलावा उसके कप्तान फाफ डु प्लेसी और अन्य




बल्लेबाजों को भी रन बनाने होंगे। वहीं सनराइजर्स के पास ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को धवस्त कर सकते हैं।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद-** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# लगातार अच्छा खेलने का दबाव है, टी20 विश्व कप पर ट्रेविस हेड की नजरें



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें पता है कि यह स्तर बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है और इस सफर का पहला पड़ाव टी20 विश्व कप होगा। हेड ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और 50 ओवरों के विश्व कप में शतक जमाए थे। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग के जरिए जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी पुख्ता करना चाहते हैं।

हेड ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर मैने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और विदेश में भी उसी तरह खेलता हूं। अब लगातार अच्छा खेलने का दबाव है।' उन्होंने कहा, 'सभी प्रारूपों में यह मैं सुनिश्चित करता हूं कि बेसिक चीजों पर अडिग रहूं। यही मेरी तकनीक और ब्लूप्रिंट है।' उन्होंने कहा, 'विश्व कप अब करीब है और उम्मीद है कि सनराइजर्स टीम में रहने और शीर्षक्रम पर खेलने से मेरी तैयारी पुख्ता होगी। इस लय को विश्व कप में लेकर जा सकूंगा।'

आईपीएल का पूरा सत्र खेलने से विश्व कप से पहले थकान या चोट का मसला हो सकता है। यह पूछने पर उन्होंने कहा, 'यह अहम है कि पूरे आईपीएल में मानसिक रूप से तरोताजा रहूं और अपने खेल पर काम करता रहूं। यह सुनिश्चित करूं कि विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं तैयार हूं।'

# रोहित के लिए जान की बाजी लगा दूंगी- आईपीएल मेगा ऑक्शन पर बोलीं प्रिटी जिंटा

**मुम्बई (एजेंसी)।** मुल्लांपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में पंजाब किंग्स को एक बार फिर से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब ने सीजन में यह चौथा मुकाबला गंवाया जोकि आखिरी ओवर में उनके हाथ से निकल गया। फिलहाल शिखर धवन की कप्तानी भी पंजाब को रास आती नहीं दिख रही है। ऐसे में अगले साल होने वाली आईपीएल मेगा ऑक्शन को लेकर पंजाब किंग्स की सहमालकिन प्रिटी जिंटा का एक बयान चर्चा में आ गया है। प्रिटी ने साफ तौर पर रोहित शर्मा को अपनी टीम का कप्तान बनाने की इच्छा जाहिर की है।

प्रीति जिंटा ने 'चैंपियन कप्तान' रोहित शर्मा की सराहना की। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया कि अगर रोहित शर्मा मेगा नीलामी में उपलब्ध होंगे तो वह पंजाब किंग्स टीम में रोहित शर्मा को लाने के लिए ÷अपनी जान की बाजी÷ लगा देंगी। प्रिटी ने कहा कि उनकी टीम को एक ऐसे कप्तान की कमी खलती है जो खिलाड़ियों के बीच 'कुछ स्थिरता' और 'चैंपियन मानसिकता' ला सके। अगर रोहित शर्मा मेगा नीलामी में आते हैं तो मैं उन्हें पाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दूंगा। हमें अपनी टीम में केवल एक ऐसे कप्तान की कमी खल रही है जो कुछ स्थिरता और चैंपियन मानसिकता लेकर आता है।

खबर है कि रोहित शर्मा ने कथित तौर पर आईपीएल 2024 सीजन के बाद मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी से अलग होने की इच्छा व्यक्त की है। अगर ऐसा हुआ तो वह मेगा ऑक्शन में आ सकते हैं। इस दौरान कुछ और टीमें भी उन्हें लेने का प्रयास कर सकती हैं। बहरहाल, पंजाब किंग्स फिलहाल 8वें स्थान पर चल रही है। पंजाब ने अब तक 6 मुकाबले खेले हैं जिसमें 2 में उन्हें जीत तो 4 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। पंजाब इस सीजन में दिल्ली और गुजरात को हरा चुकी है। जबकि बेंगलुरु, लखनऊ, हैदराबाद और राजस्थान के खिलाफ उन्हें आखिरी ओवर में हार मिली थी।

# साल्ट की अर्धशतकीय पारी, कोलकाता ने लखनऊ को 8 विकेट से हराया

**कोलकाता (एजेंसी)।** फिलिप साल्ट की 47 गेंदों पर 14 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 89 रन की पारी की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज की। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) की टीम रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में लगातार विकेट गंवाने के बावजूद 7 विकेट पर 161 रन बनाए। इसके जवाब में केकेआर की ओपनिंग जोड़ी ने सधी शुरूआत की और विकेट्स को बचाते हुए साल्ट और श्रेयस अय्यर (38 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 38 रन) की बदौलत मैच को अपने नाम कर लिया। टीम ने मात्र दो विकेट गंवाए जिसमें सुनील नारायण (6) और अंगकृष रघुवंशी (7) के विकेट शामिल थे।




पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर क्विंटन डिकॉक ने मिचेल स्टार्क के खिलाफ शुरुआती दो गेंदों में लगातार दो चौके लगाए जबकि कप्तान राहुल ने अरोड़ा की गेंद पर छक्का जड़ा। अरोड़ा ने हालांकि डिकॉक की आठ गेंद में 10 रन की पारी को खत्म कर दिया। क्रीज पर आए दीपक हुड्डा (आठ) प्रभावित करने में विफल रहे। स्टार्क की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर रमनदीप सिंह ने उनका कमाल का कैच लपका। बडोनी ने छठे ओवर में हर्षित राणा के खिलाफ दो चौके लगा कर पिछले मैच से मिली लय को जारी रखा जिससे पावरप्ले में एलएसजी का स्कोर दो विकेट पर 49 रन हो गया।

केकेआर के गेंदबाजों ने इसके बाद कसी हुई गेंदबाजी कर राहुल और बडोनी को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। राहुल ने 11वें ओवर में रसेल का स्वागत छक्के से किया लेकिन अगली गेंद को रमनदीप के हाथों में खेल गये। स्टोइनिस (10) ने क्रीज पर आते ही रसेल के खिलाफ दो चौके लगाये। बडोनी ने अगले ओवर में वरुण चक्रवर्ती की गेंद को दर्शकों के पास भेजा पर इस गेंदबाज की फिरकी में फंस कर स्टोइनिस विकेटकीपर फिल साल्ट के दस्तानों में गेंद दे बैठे।

पूरन ने चक्रवर्ती की फुलटॉस गेंद पर बड़ा छक्का लगाकर 14 ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा करवाया। अगले ओवर में नारायण के खिलाफ बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में बडोनी अंगकृष रघुवंशी को कैच दे बैठे। पूरन ने 17वें ओवर में हर्षित के खिलाफ छक्का जड़ने के बाद अरोड़ा की दो गेंदों को दर्शकों तक पहुंचाया। आखिरी ओवर में गेंदबाजी के लिए आये स्टार्क ने पूरन की आक्रामक पारी को खत्म करने के बाद अरशद खान (पांच) को बोल्ड किया। कृणाल पंड्या सात रन पर नाबाद रहे।

# अभी संन्यास का इरादा नहीं : रोहित

मुम्बई। मुम्बई इंडियंस टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा है कि वह अभी संन्यास नहीं लेंगे और खेलते रहेंगे। 36 साल के रोहित ने कहा, मैं इस समय अच्छा खेल रहा हूं और मैं कुछ और वर्षों तक इसे जारी रखने के बारे में सोच रहा हूं। मैं इस बार टी20 विश्व कप जीतना चाहता हूं। साथ ही कहा कि 50 ओवर का विश्व कप ही वास्तविक विश्व कप है। हम 50 ओवर का विश्व कप खेल देखकर बड़े हुए हैं। अगले साल 2025 में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल होगा और उसमें भी हमें फाइनल में पहुंचने की उम्मीद है। उम्मीद है, हम वहां पहुंचेंगे। रोहित ने टीम का नेतृत्व करने के अपने कौशल से हार्दिक को भी सहायत की है। इसी कारण मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालने के बाद हार्दिक के नेतृत्व में टीम खराब शुरुआत से उबरने लगी है। पहले तीन मैचों में मिली हार के बाद टीम ने पिछले दो मुकाबले जीते हैं। इसके अलावा रोहित अपने मजाकिया अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। हाल ही में एक बार फिर इसका उदाहरण देखने को मिला जब रोहित अपनी आईपीएल टीम मुंबई की बस की ड्राइविंग टीम पर बैठे दिखे। इस दौरान रोहित ने लोगों को पीछे हटने के लिए भी कहा, जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है।



# आईपीएल 2024 : पंजाब किंग्स को लगा बड़ा झटका, धवन 7 से 10 दिन के लिए बाहर



मुल्लांपुर - राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे जिनकी जगह सैम कुरेन ने कप्तानी की थी। बांगड़ ने कहा, 'उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिए बहुत जरूरी है।' उन्होंने कहा, 'देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।' सत्र की शुरूआत में कप्तानों की बैठक में पंजाब की नुमाइंदगी जितेश शर्मा ने की थी चूंकि धवन बुखार के कारण मुल्लांपुर में ही रह गए थे। इसे देखते हुए रॉयल्स के खिलाफ टॉस के लिये कुरेन का आना हैरानी भरा था लेकिन बांगड़ ने कहा कि उनकी भूमिका हमेशा से तय थी। उन्होंने कहा, 'सैम पिछले साल भी टीम की कप्तानी कर चुका है। वह ब्रिटेन से देर से आने वाला था और कुछ अभ्यास सत्र में भाग लेना चाहता था। यही वजह है कि बैठक में हमने उसकी बजाय जितेश को चेन्नई भेजा।' धवन और जॉनी बेयरस्टो टीम को अच्छी शुरूआत नहीं दे सके हैं। धवन की जगह आए अथर्व तायडे भी कुछ नहीं कर सके।


# मिचेल मार्श हैमस्ट्रिंग की चोट का इलाज कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया वापस लौटे

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स को हरफनमौला खिलाड़ी मिचेल मार्श के दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट का इलाज कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया लौटने से बड़ा झटका लगा है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार मार्श को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनाया जाना तय है। उन्हें दिल्ली टीम प्रबंधन के साथ परामर्श के बाद वापस बुला लिया गया। मौजूदा सत्र में हालांकि उनकी उपलब्धता पर अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है। मार्श ने दिल्ली की टीम के लिए पिछला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेला था।



वह इसके बाद मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ टीम के पिछले दो मुकाबलों में नहीं खेल पाए थे। इस सत्र में मार्श का सर्वोच्च स्कोर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 रन रहा है। दिल्ली ने इस मैच को 12 रन से जीता था। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वह खाता खोलने में नाकाम रहे थे। मार्श के अलावा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के चोटिल होने से भी दिल्ली कैपिटल्स की परेशानी और बढ़ गयी है। टीम को अपना अगला मैच बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलना है। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ कैच पकड़ने का प्रयास करते समय वार्नर की उंगली में चोट लग गई। उनकी उंगली में सूजन थी और टीम के अहमदाबाद पहुंचने पर उनका स्कैन कराया गया।

# मेस्सी के शानदार खेल से इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया



कैंसास सिटी। करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे। एमएलएस इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ के सामने मेस्सी ने इस इंटर मियामी के लिए सत्र का अपना पांचवां जबकि सुआरेज ने छठा गोल किया। स्पोर्टिंग कैनसस सिटी के लिए दोनों गोल एरिक थॉमी (छठा और 58वां मिनट) ने किए।

# जेक फ्रेजर ये सिर्फ ट्रेलर..... संकट में आया गिल का रिकॉर्ड

**लखनऊ (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए 22 साल के जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आईपीएल डेब्यू किया। जेक फ्रेजर को आईपीएल नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को रूप में दिल्ली ने अपने साथ जोड़ा था। अपने आईपीएल करियर की दूसरी ही गेंद पर जेक फ्रेजर ने छक्के से अपना खाता खोला। उनका दूसरा स्कोरिंग शॉट भी छक्का था। उनका दूसरा छक्का 96 मीटर लंबा था।

युवा विदेशी बल्लेबाजों के लिए भारतीय सरजमीन पर में आकर रन बनाना इतना आसान नहीं होता। कई बल्लेबाज आते हैं लेकिन स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौट जाते हैं। लेकिन जेक फ्रेजर के साथ ऐसा नहीं है। उन्होंने आईपीएल के सबसे कंजूस गेंदबाजों में शामिल क्रूणाल पंड्या की ही खबर ले ली। क्रूणाल के खिलाफ हैट्रिक छक्का जड़ने के साथ ही उन्होंने सिर्फ 31 गेंदों पर डेब्यू मैच में ही फिफ्टी ठोक दी।

जेक फ्रेजर ने 35 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेली, जिसकी हर जगह चर्चा हो रही है। लेकिन यह सिर्फ ट्रेलर है। मैकगर्क इससे कहीं ज्यादा खतरनाक बैटिंग कर सकते हैं। प्रोफेशनल क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड मैकगर्क के ही नाम है। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट में शतक ठोका था। उसके पहले सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। गेल ने आईपीएल में 30 गेंदों पर सेंचुरी ठोकी थी। अब उनके आईपीएल में आने



यह यह रिकॉर्ड भी खतरे में है। लखनऊ की पिच पर गेंदबाजों के लिए भी मदद थी। इसके बाद भी मैकगर्क ने तेजी से रन बनाए।

# ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पंघाल पुरुष मुक्केबाजी टीम में शामिल

नई दिल्ली। मुक्केबाज अमित पंघाल को बैंकाक में अगले माह 25 मई से दो जून तक होने वाले आंखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये भारतीय मुक्केबाजी टीम में शामिल किया गया है। अब पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह बनाने का ये अंतिम अवसर है। पंघाल के अलावा राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच 57 किलो को भी टीम में शामिल किया गया है। वहीं अबिनाश जामवाल 63.5 किलो वर्ग में शिव थापा की जगह खेलेंगे जबकि अभिमन्यु लाउरा को 80 किलो में लक्ष्य की जगह शामिल किया गया है। अभी तक भारत के किसी भी पुरूष मुक्केबाज ने ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है केवल महिला वर्ग में निकहत जरीन 50 किलो, प्रीति पंवार 54 किलो और परवीन हुड्डा 57 किलो व लवलीना बोरगोहेन 75 किलो ने ही ओलंपिक कोटा हासिल किया है। दूसरी ओर महिला वर्ग से अंकुशिता बोरो 60 किलो, अरूंधति चौधरी 66 किलो वर्ग में शामिली की गयी हैं।

पुरूष - अमित पंघाल (51 किलो), सचिन सिवाच जूनियर (57 किलो), अबिनाश जामवाल (63.5 किलो), निशांत देव (71 किलो), अभिमन्यु लाउरा (80 किलो), संजीत (92 किलो) और नरेंदर बरवाल (प्लस 92 किलो)

महिला - अंकुशिता बोरो (60 किलो), अरूंधति चौधरी (66 किलो)

# टी20 विश्व कप के लिए टीम में कौन होगा विकेटकीपर..इस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने दी राय

**मुंबई (एजेंसी)।** आगामी टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज जगह बनाने के लिए छह खिलाड़ी दावेदार हैं। फिलहाल मौजूदा आईपीएल में सभी दावेदार फॉर्म दिखा रहे हैं, उस हिसाब से ऋषभ पंत, संजू सैमसन और इशान किशन के बीच बड़ी प्रतिस्पर्धा खड़ी हो गई है। बीसीसीआई ने अप्रैल के अंत तक आईसीसी प्रतियोगिता के लिए15 सदस्यीय टीम की घोषणा करनी है। इसके बाद माना जा रहा है कि इन तीनों में से किसी एक को ही टीम में जगह मिलेगी। वहां किस्मत वाला प्लेयर कौन हो सकता है, इस पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने अपनी राय रखी है।

गिलक्रिस्ट का मानना है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज पंत को विश्व कप टीम में निश्चित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि पंत निश्चित रूप से टीम में होगा। और मैं संजू सैमसन को भी लूंगा। किशन बहुत अच्छे मामले को आगे बढ़ा रहे हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन मुझे लगता है कि पंत, अगर वह लॉक इन नहीं हैं, तब उन्हें लॉक इन किया जाना चाहिए।

बता दें कि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन 157.69 की स्ट्राइक रेट से 246 रन और तीन अर्द्धशतक के साथ इन संभावित खिलाड़ियों में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। गिलक्रिस्ट ने स्वीकार किया कि ईशान 182.39 की स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाकर मजबूत दावा पेश कर रहे हैं, जिसमें



गुरुवार को आरसीबी के खिलाफ 34 गेंदों में 69 रन की पारी भी शामिल है।

इन तीनों के अलावा केएल राहुल, जितेश शर्मा और ध्रुव जुरेल सभी विश्व कप टीम में दो कीपिंग पोजीशन के लिए दावेदार थे। जितेश आगे थे क्योंकि वह नवंबर के बाद से 11 में से 7 टी20 खेल चुके हैं। लेकिन आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए वह प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इसी तरह ज्यूरेल को राजस्थान रॉयल्स में लगातार खराब बल्लेबाजी के कारण आलोचना का शिकार होना पड़ा। केएल राहुल भी खराब स्ट्राइक रेट के कारण निशाने पर है।


# विराट ऑरेंज और चहल पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे

मुम्बई। आईपीएल के 2024 सत्र में अब तक सबसे अधिक रन बनाकर आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग और संजू सैमसन दूसरे व तीसरे नंबर पर हैं। दूसरी ओर पर्पल कैप को लेकर राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल और मुम्बई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बीच कड़ा मुकाबला है। पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच के बाद एक बार फिर चहल ने पर्पल कैप के लिए अपनी दावेदारी बढ़ा दी है। चहल ने पंजाब के खिलाफ एक विकेट लेकर आईपीएल सत्र में इस बार सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। वहीं गुमराह अब दूसरे नंबर पर फिसल गये हैं। लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने इस लिस्ट में मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पछाड़ा है। वहीं ऑरेंज कैप पर अभी भी विराट का कब्जा है। विराट 319 रनों के साथ इस सूची में नंबर एक स्थान पर हैं। वहीं रियान पराग 284 रनों के साथ दूसरे जबकि सैमसन 264 रनों के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गए हैं।




## हाथी का आतंक जारी, ग्रामीण परेशान, वन विभाग की टीम नहीं है सक्रिय

**कसमार (बोकारो )** कसमार प्रखंड के जंगली क्षेत्र में रहने वालों की मुसीबत बढ़ चुकी है क्योंकि हाथी का आतंक फिर से चालू हो गया है हाथी का आतंक गुमनजारा हीसीम केदला तेरीयोनाला के जंगलों में हाथी का करीब 6 की संख्या में विचरण करते देखा गया है । रात होते ही गांव में प्रवेश कर हाथी का आतंक मचाना शुरू हो जाता है । हाथी भगाओ अभियान पूरी तरह सक्रिय नहीं होने के कारण हाथी का दल गांव में प्रवेश कर जा रहा है ।हाथी का गांव में प्रवेश



करने का मुख्य कारण अपने भोजन के जुगाड़ के लिए होता है ।गॉव वाले कि एक ओर नीद हराम हो गई है। सूत्रों के मुताबिक हाथी का दो बच्चा जन्म जंगल में हुआ था बच्चों की निगरानी के लिए हाथी को जंगल में मजबूरन रहना पड़ रहा है ।और रातों को गांव में भोजन के लिए आना पड़ रहा है कल रात्रि को हाथी का करीब 5 ,6 का झुंड हीसीम गांव में प्रवेश कर गया गांव वाले को इसकी भनक मिलते ही हाथी को भगाने के लिए मसाला जलाकर ख़देडा गया ।हाथी भागते का क्रम में खुद ही बाद में लगा गेहूं का फसल को खाकर कुछ नुकसान भी पहुंचा कर पा ड़ी के जंगल में प्रवेश कर गया जानकारों का मानना है हाथी का दल बंगाल के जंगल से भ टका हुआ हाथी का दल है अपने भोजन के लिए गांव में पहुंचना एक कारण है हाथी का मुख्य भोजन बास का पता है लेकिन जंगलों से बास की अंधाधुंध कटाई से हाथी को मजबूरन गांव में प्रवेश करना पड़ रहा है अभी भी हाथी को रोकने के लिए बास की कटाई पर रोक लगाने की आवश्यकता है अगर बास कटाई पर रोक लग जाए हाथी का गांव में प्रवेश कभी नहीं हो सकता है हाथी का जिन गांवों में आतंक व्याप्त है वह गांव है जुमरापाड़ी, भूरसा ठाड़, चोडा, देसवल ,सुदी, कोतोगड़ा, पिरगुल, रघुनाथपुर, भवानीपुर ,लोधकीयारी, मेढा, चैनपुर, हड़साली ,मेरो ,मारा ,कर्मा ,खीजरा ज़मनीपुर आदि गाँव शामिल है।

# सिंहपुर मड़प थान में धूमधाम से मनाया गया भोगता परब

## आग में कूदकर, पीट पर कील से छेदकर एवं उच्चे खूंटे से झूलकर बुढ़ाबाबा के प्रति दिखाई आस्था

**रंजन वर्मा कसमार (बोकारो )** छोटानागपुर क्षेत्र में बृहत रूप से मनाया जाने वाला भोगता परब कसमार प्रखंड के कई मड़प थान में प्रथा व परंपरानुसार मनाया जा रहा है। पूर्ण रूप से मौरखी घाट कमान का इस परब में? हूबहू मृत्यु एवं जन्म संस्कार के नेग निभाये जाते हैं। कसमार प्रखंड के सिंहपुर स्थित बाइसि मड़प थान में भी धूमधाम से मनाया गया। एक हप्ताह पूर्व धूमइल देने के बाद शुक्रवार को संजत के दिन भगतिआ गण नाई से बाल-दाढ़ी व नाखून कटायें। तालाब में नहाने के बाद भगतिआ द्वारा लौटन सेवा एवं दंडवत करते मड़प थान तक पंहुचे और पाट पूजा किया। उसके बाद फलाहार किया। इससे पूर्व पाट भगतिआ द्वारा पाट को गाजे बाजे के साथ बाइसी स्तर के सभी गांवों में घुमाया गया। वहीं पाट में कांटी वर्ष के प्रतीक चिन्ह स्वरूप लोहे की कील ठोकने की परंपरा निभाई। इसके बाद दूसरे दिन यानि उपवास को पाट पूजा, डंड दिआ, अरग दिआ, चाउंअर डला, ढांक सुदधू करा,भगता खूंटा लाना, गाजन आदि नेग संपन्न हुआ। उसके बाद बान लेने की प्रथा निभाई गयी। कोई भगतिआ जिभा बान लिये तो भगतिआ साहि बान लिये।



तीसरे दिन पारण को भगतिआ, आग में कूदने एवं पीट पर लोहे की हूक से छिदवा कर उच्चे डांग-खुंटे के सहारे झूलने की परंपरा निभाई। इस दौरान पीट में छेद करते समय एक विशेष प्रकार का गीत देइया करि देगा माइ हे, तोर बिनु केउ नाइट हेज गाया गया। इस मुर्गा-मुर्गी बली भी दी जाती है। चौथे दिन यानि सोमवार को परब का अंतिम दिन होगा। जिसे नारता भी कहा जाता है। इस दिन पुनः नाइ से बाल, दाढ़ी व नाखून कटवा कर छूत मिटायेंगे। फिर वही तालाब से नहा-धोकर आने के बाद कांटा फुड़ाने की परंपरा निभाते हुए बुढाबाबा को बकरा की बली दिया जायेगा। पुरख विश्वास के अनुसार उस वीर राजा की मृत्यु एवं पुनजीर्वित होने के पश्चात पूरे बाइसि में छुआ-छूत हो गया था। कुड़मालि संस्कृति में मान्यता है कि किसी के मृत्यु और जन्म के कुछ दिन बाद बलि देकर खून देखा जाता है। इसके बाद भोज भात खाया जाता है। भोगता परब में परपंरानुसार व प्रथानुसार सिमपुर गांव के माहतो को पाट खूंटा आदि की व्यवस्था नेइया को पूजा पाठ, फुलसुसारी को फल-फूल की व्यस्था, कमार को कील ठोकने एवं हुक लगाने, डोम को ढाक बजाने का जिम्मा सौंपा गया है।

इस रात्रि को छउ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों दर्शकों की भीड़ उमड़ी। भोगता परब को सफल बनाने में प्रथानुसार गांव के माहतो सुफल महतो, ध्रुव महतो, नेइया जीतेंद्र पाहन एवं अशोक पाहन, फुलसुसारी मनोज सिंह एवं दीपक सिंह, पाटढ़ोआ धीरेन महतो एवं बिपीन महतो, पाटझाला एवं हूकछेदा फेकन करमाली, ढांक बाजवा गुजन डोम आदि भूमिका रहती है। इस दौरान समाजसेवी सुजीत कुमार, रंजीत साव, घनश्याम नायक, शकंर महतो, रामकिशुन महतो, कालीचरण कालिंदी, लालू कालिंदी, अधीर शर्मा, लखन साव, बिनोद महतो, मानू महतो, कमलेश्वर महतो आदि मौजूद रहे। मड़प थान में जेबीकेएसएस सुप्रीमो व गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी टाईगर जयराम महतो, स्थानीय विधायक लंबोदर महतो आदि कई गणमान्य लोग भी पंहुचे और आदिहड़ बुढ़ाबाबा के दरबार में मत्था टेककर क्षेत्र की मंगलकामना की? है। वहीं मधुकरपुर, मंजूरा, हंसलता, अजैया गांव में भी भोगता परब मनाया गया।

## बंगाली कल्याण समिति द्वारा बंगाली नववर्ष मे प्रभात फेरी का आयोजन



**धनबाद** - प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बंगाली कल्याण समिति द्वारा बांग्ला नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम पर प्रभात फेरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बांग्ला साल 1431 का स्वागत करने के लिए वर्ष का पहला दिन यानी पोईला बैसाख में समिति के सदस्य द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया । प्रभात फेरी का शुभारंभ जे सी मल्लिक रोड से हुई। दुर्गा मंदिर, पार्क मार्केट, हीरापुर कोर्ट क्वार्टर, होते हुए हरी मंदिर में प्रभात फेरी का समापन हुआ। इस प्रभात फेरी को बड़े ही खूबसूरती से बंगला गीत और नृत्य से सजाया गया था। प्रभात फेरी के दौरान प्रत्येक चौराहे पर नित्य विद्यालय के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए.बंगाली कल्याण समिति के सभी पुरुष और महिला सदस्यों के योगदान से यह अनुष्ठान सफल हुआ। महिलाएं पारंपरिक लाल पार सफेद साड़ी और पुरुष कुर्ता पजामा में दिखे।

समिति के सचिव कंचन दे ने बनाया बताया इसमें धनबाद के नृत्य विद्यालय शम्पा मुखर्जी डांस एकेडमी ,गुरु सूर नृत्य संगम धनबाद ,सास्वती सेन डांस अकैडमी- झरिया, नृत्य मलिका डांस एकेडमी, अराधाना डांस अकैडमी मनाईटांड़ , साधना डांस अकैडमी के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

बांग्ला साल का यह हमारा पहला कार्यक्रम है इसके बाद समिति सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम करते रहेगी। समिति के सांस्कृतिक समिति सचिव विकास क्रांति का ने बताया प्रभात फेरी जे सी मलिक रोड से प्रारंभ कर माधव अपार्टमेंट पार्क मार्केट हीरापुर होते हुए हरि मंदिर पहुंचा एवं यहां का सांस्कृतिक अनुष्ठान किया गया करने सभी पार्टिसिपेंट्स को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत भी किया गया। अतिथि के रूप में मौजूद निवर्तमान महापौर शेखर अग्रवाल की धर्मपत्नी वीना अग्रवाल ने कहा इस तरह का बांग्ला नव वर्ष के प्रभात फेरी में शामिल होने का मेरा पहला अनुभव है मुझे बहुत अच्छा लगा इसमें सभी बच्चे, महिला ,पुरुष एक साथ शामिल होकर नए साल का स्वागत कर रहे हैं। इसमें धनबाद के विशिष्ट संगीत शिल्पी इंद्रजीत चैटर्जी, अरूण बनर्जी, श्याम बनर्जी,कुमकुम बनर्जी, शामिल थे। साथ ही रुद्रूदीप चैटर्जी, अनुश्री बनर्जी , अरिजीत बनर्जी , निर्झर बक्शी ,कुशन सेनगुप्ता, आवृत्ति डॉ सुजाता चटर्जी ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

## चौक चौराहा पर खुलेआम स्टॉल लगाकर हो रहा है प्रतिबंधित लॉटरी टिकट की बिक्री



**चंदनकियारी।** राज्य सरकार की ओर से प्रतिबंधित लॉटरी टिकट चंदनकियारी थाना क्षेत्र कई चौक चौराहा पर खुलेआम स्टॉल लगाकर बिक्री की जा रही है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण चंदनकियारी थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित लॉटरी का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। इस कारोबार में पश्चिम बंगाल, बिहार सहित कई राज्य के गिरोह लोगों को लखपति करोड़पति बनने का सपना दिखाकर हर रोज करोड़ों रुपए क्षेत्र से दूसरे राज्य में भेज रहे हैं।अवैध लॉटरी टिकट का बिक्री का मुख्य केंद्र बिंदु भोजुडीह ओपी क्षेत्र के भोजुडीह मिनी मोड ओर लाइन पर, आमलाबाद, चंदनकियारी बाजार चौक चौराहा में बेचा जा रहा है। वही भोजुडीह के मिनी मोड़ तथा लाइन उसपर में खुलेआम दुकान खोलकर बेचे जा रहा है। जिसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमे एक व्यक्ति आपने दुकान में खुलेआम लॉटरी बेच रहा है ।तथा दुकान में धमाकेदार अवैध लॉटरी का ऑफर स्टीकर चिपकाए गया है, जब युवक को मालूम चला की रिकॉर्डिंग हो रहा है। तो मोबाइल को झपट मारकर छीनने का कोशिश किया गया।

## ऐतिहासिक बसंतराय मेला का जिला प्रशासन ने किया आगाज

**बसंतराय गोड्डा** जिला के बसंतराय प्रखंड मुख्यालय में बिशुवा पर्व को लेकर लगने वाले मेला का आगाज हो गया। हालांकि इस बार आदर्श आचार संहिता के कारण इस मेले की डाक नहीं हुई ऐसे में इस बार ये मेला पूरी तरह से जिला प्रशासन के नेतृत्व में लगी है। आपको बता की 14 अप्रैल यानी बिशुवा पर्व को लेकर यहां सदियों से मेला लगने का चलन चली आ रही है। इस दिन आदिवासी, गैर आदिवासी व सफा होड़ समुदाय के लाखों लोग बसंतराय पहुँच कर बसंतराय तालाब में आस्था की डुबकी लगाकर चर्म रोग से मुक्ति पाते हैं। मुख्य रूप से आदिवासी समाज के सफा होड़ समुदाय के लोग यहां देश के अलग-अलग प्रांतों से पहुँचकर अपने आराध्य देव




का पूजा पाठ इत्यादि करते हैं, ऐसे में इस मेले में काफी ज्यादा भीड़ लगी रहती है। तकरीबन पन्द्रह दिनों तक चलने वाले इस मेला का प्रतिवर्ष डाक होता था,जिससे सरकार को भारी भरकम राजस्व की प्राप्ति होती थी लेकिन इस बार आदर्श आचार संहिता के कारण इस मेला का डाक नहीं किया गया,ऐसे में इस बार मेला का आयोजन जिला प्रशासन के नेतृत्व में हुई है। इस बाबत मेला का शुभारंभ जिला के तमाम वरीय अधिकारियों के द्वारा किया। इस दौरान गोड्डा जिला उपायुक्त,जिला पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा,अपर समाहर्ता,जिला एसडीओ,बसंतराय प्रखंड विकास पदाधिकारी,बसंतराय थाना प्रभारी इत्यादि के द्वारा सर्वप्रथम बसंतराय के अम्बेडकर चौक स्थित संविधान निर्माता बाबा भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया,जिसके बाद मेला नियंत्रण को लेकर बनाए गए विधि-व्यवस्था पंडाल में बैठ कर मेला के विधि-व्यवस्था की जानकारी लेते हुए सम्पूर्ण मेला में घूमकर मेला के विधि-व्यवस्था को देखा। आपको बता दें कि आदर्श आचार संहिता के बावजूद मेला के आध्यात्मिक महत्व के कारण मेला कई प्रकार के खेल तमाशों में सजा हुआ है,जहां जिला प्रशासन के नेतृत्व वाली टीम अपने अलग-अलग पाली में मेला में निगरानी बनाए रखे हैं, जिसको लेकर जिला से बतौर आदेश जारी करते हुए पूरी कमिटी तैयार की गई है। मेला शुभारंभ के मौके पर पहुँचे जिला उपायुक्त जीशान कमर ने आमलोगों से अपील करते हुए कहा कि तालाब में अत्यधिक पानी होने और किसी भी प्रकार के दुर्घटनाओं से बचने के लिए लोगों को गहरे पानी में जाकर नहीं नहाना है।




## अमिट छाप छोड़ रहे नए थाना प्रभारी, तस्करों के मांद में घुसकर की कारवाई

**चौपारण-** चौपारण के नए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह अपने बेहतर कार्यशैली से क्षेत्र के लिए अमिट छाप छोड़ रहे हैं। जिस तरह से हज़ारीबाग एसपी अरबिंद सिंह के मार्गदर्शन में इनके द्वारा हर दूसरे चौथे दिन तस्करों के खिलाफ बड़ी कारवाई किया जा रहा है। यह काबिले तारीफ है। शायद ही पहले कभी ऐसी ताबड़तोड़ कार्रवाई देखने को मिला हो। नित्य यह कारवां बढ़ता जा रहा है। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह का पद भार ग्रहण किए हुए ठीक से दो माह भी नहीं हुआ और अबतक इनके द्वारा 19 बड़ी कार्रवाई करते हुए 34 तस्करों को जेल और सैकड़ो पशुओं को तस्करों के चंगुल से आजाद करवा चुके हैं।

रविवार को भी इनके नेतृत्व में बड़ी कारवाई की गई और तस्करों के मांद में घुसकर करोड़ो रुपए के मादक पदार्थ को जप्त किया। इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को गुप्त सूचना मिली थी कि चौपारण थाना क्षेत्र से 02 व्यक्ति मोटरसाईकिल से अफीम एवं डोडा तस्करी करने हेतु बिहार ले जाने वाले हैं, जिसके आधार पर त्वरित कांवाई हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही सुरजीत कुमार एवं




थाना प्रभारी, चौपारण पुअनि दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें उक्त दोनों पदाधिकारियों के अलावे चौपारण थाना में पदस्थापित पुअनि सुबीन्द्र राग, पुअनि दिव्य प्रकाश, पुअन निलेश कुमार रंजन एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

प्राप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई टीम लीडर को चोरदाहा चेकपोस्ट में चेकिंग अभियान चलाकर अफीम एवं डोडा ले जा रहे तरकरों को पकड़ने का निर्देश दिया, जिसके आलोक में गठित टीम के सदस्यों के द्वारा चोरदाहा चेकपोस्ट में चेकिंग अभियान चलाकर मोटरसाईकिल से अफीम एवं डोडा ले जा रहे एक व्यक्ति रामवृक्ष यादव उम्र करीब 40 वर्ष पिता स्व सोमर यादव ग्राम बैजनाथपुर थाना-सिद्धगढ़ (गोहनपुर) जिला गया (बिहार) को पकड़ लिया गया तथा मोटरसाईकिल पर सवार एक अन्य व्यक्ति कृष्णा यादव पिता कुमारी यादव ग्राम बैजनाथपुर थाना सिद्धगढ़ (मोहनपुर) जिला गया (बिहार) मोटरसाईकिल से कूदकर भागने में सफल हो गया। पकड़ाये व्यक्ति के पास से एक प्लास्टिक के बोरी में पिसा हुआ करीब 39 किग्राम डोडा एवं उसके बरामद मोटरसाईकिल के डिक्की से करीब 2.9 किलोग्राम अफीम बरामद हुआ।

### चौपारण के मोहन गंझू के घर से मिला करोड़ो रुपए का मादक पदार्थ

पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ के क्रम में पता चला कि वह उक्त बरामद अवैध मादक पदार्थ को चौपारण थानान्तर्गत ग्राम नावाडीह स्थित मोहन गंझू के घर से लेकर चला है, तत्पश्चात गठित टीम सदस्यों के द्वारा पकड़ाये व्यक्ति के निशानदेही पर मोहन गंझू के घर पर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में मोहन गंझू अपने घर से भाग निकला परन्तु उसके घर के तलाशी के क्रम में प्लास्टिक बाल्टी में रखा 08 किलोग्राम एवं स्टील केन में रखा 3 किलो 100 ग्राम कुल 11 किलो 100 ग्राम अफीम, 04 प्लास्टिक बोरा में बांधकर रखा करीब 26 किलो डोडा, एक थैला एवं 02 प्लास्टिक के बोरा में रखा 8 किलो 250 ग्राम गांजा एवं 02 प्लास्टिक के बोरा में कुल 28 किलोग्राम कत्था बरामद हुआ। जिस संदर्भ में चौपारण थाना काण्ड सं0-113/24 दिनांक-14.04.2024 धारा-414/34 भा050वि0, 17 (सी0)/18 (सी0) एन0डी0पी0एस0 एक्ट एवं 33 भारतीय वन अधिनियम दर्ज किया गया है।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63